Title Code :- RAJHIN27855

दैनिक
# द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्षः 4 | अंकः261 | मूल्यः 3 रू | पेजः 8 | जयपुर, मंगलवार/ 14 अक्टूबर /2025 | जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर , सिरोही से प्रसारित)

### स्वतंत्र भारत के इतिहास में क्रांतिकारी कदम,

# प्रधानमंत्री ने नए कानूनों से देश को औपनिवेशिक मानसिकता की बेड़ी से किया मुक्तः सीएम शर्मा

**जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 160 साल पुराने कानूनों को समाप्त कर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लाए हैं। इन तीन नए कानूनों की पूर्ण क्रियान्विति से आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि ये नए कानून दण्ड के स्थान पर न्याय से प्रेरित है। इनसे नागरिकों को समय पर सुलभ तरीके से न्याय सुनिश्चित हो सकेगा। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत बेहतरीन काम किया है। समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हुए, जिनमें से तीन लाख करोड़ के एमओयू का कार्य पूर्व में धरातल पर शुरू हो चुका है। वहीं आज लगभग चार लाख करोड़ रुपये से अधिक का



भूमि पूजन हुआ है। शाह ने कहा कि हम जो कहते हैं, वो करते हैं। मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में इतने कम समय में 7 लाख करोड़ रुपये के एमओयू जमीन पर उतरे हैं। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। शाह सोमवार को जेईसीसी, सीतापुरा में तीन नए आपराधिक कानूनों पर आधारित 'नव विधान - न्याय की नई पहचान' प्रदर्शनी के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नए कानून नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों को सुलभ और सुगम बनाते है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय इन कानूनों की क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि तीन नए कानूनों पर राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रदर्शनी का आवश्यक रूप से अवलोकन करें।

### राजस्थान में सजा दिलाने की दर बढ़ी, 60 प्रतिशत पहुंची

शाह ने कहा कि तीन नए कानूनों के लागू होने के बाद राजस्थान में अपराधियों को सजा दिलाने की दर में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। एक वर्ष के समय में सजा दिलाने की दर 42 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत पहुंच गई है। इसे हम 90 प्रतिशत तक लेकर जाएंगें।

### ईज ऑफ जस्टिस में बड़ा परिवर्तन

केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ईज ऑफ लिविंग के लिए देश में कई परिवर्तन किए हैं और इन नए कानूनों के माध्यम से देशभर में ईज ऑफ जस्टिस में भी बड़ा परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि इन कानूनों में महिलाओं, बच्चों के साथ-साथ ई-एफआईआर और जीरो एफआईआर के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। साथ ही, 7 साल से अधिक की सजा वाले अपराधों में फॉरेन्सिक जांच को अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि इनमें आतंकवाद, मॉब लिंचिंग, डिजिटल अपराध की पहली बार व्याख्या भी की गई है। उन्होंने कहा कि तीन नए कानून 21वीं सदी के सबसे बड़े रिफॉर्म्स हैं। इनके पूर्ण क्रियान्वयन के बाद भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली होगी। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के लागू होने के बाद विभिन्न अपराधों में चार्जशीट दायर करने की दर 50 प्रतिशत पहुंच गई हैं जिसे हम 90 प्रतिशत तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के बाद जो भी एफआईआर दर्ज होगी उसमें तीन साल के भीतर न्याय भी सुनिश्चित होगा।

## सेना भर्ती फर्जीवाड़े का आरोपी 27 साल बाद हुआ गिरफ्तार, जोधपुर पुलिस ने गुरुग्राम से दबोचा



**जोधपुर**

'कानून के हाथ भले देर से पहुंचें, लेकिन बचना नामुमकिन हैं' यह कहावत जोधपुर पुलिस ने एक बार फिर सच कर दिखाई है। 27 साल पुराने फर्जीवाड़े के मामले में पुलिस ने आखिरकार आरोपी इंद्रजीत सिंह कुशवाह को गिरफ्तार कर लिया है। उदयमंदिर थाना पुलिस ने आरोपी को हरियाणा के गुरुग्राम से पकड़ा और अब उससे पूछताछ जारी है। आरोपी ने वर्ष 1998 में फर्जी मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाकर भारतीय सेना में भर्ती हासिल की थी। पुलिस के अनुसार, यह मामला वर्ष 1998 में दर्ज हुआ था, जब तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट की ओर से उदयमंदिर थाने में एक रिपोर्ट दी गई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि रक्षा भर्ती कार्यालय, रातानाडा (जोधपुर) में भर्ती के दौरान इंद्रजीत सिंह पुत्र उदय सिंह राजपूत, निवासी लोडता तहसील शेरगढ़, ने फर्जी मूल निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। पुलिस जांच में यह साबित हुआ कि संबंधित तहसील कार्यालय से ऐसा कोई प्रमाण पत्र जारी ही नहीं हुआ था। इसके बाद फर्जीवाड़े का मामला दर्ज कर लिया गया, लेकिन आरोपी फरार हो गया और पुलिस की पकड़ से 27 साल तक दूर रहा। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने जिला पंचायत कार्यालय से परिचय पत्र, राशन कार्ड और अन्य पहचान पत्रों में भी फर्जीवाड़ा किया था। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उसने सेना की नौकरी प्राप्त की और कई वर्षों तक सेवा भी की। पुलिस का कहना है कि यह फर्जीवाड़ा संगठित और योजनाबद्ध तरीके से किया गया था, जिसमें सरकारी दस्तावेजों का दुरुपयोग हुआ। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी की तलाश में उदयमंदिर थाना पुलिस की विशेष टीम को लगाया गया था। टीम ने तकनीकी निगरानी और पुराने दस्तावेजों के आधार पर आरोपी का ठिकाना हरियाणा के गुरुग्राम में पता लगाया। वहां से आरोपी इंद्रजीत सिंह कुशवाह (निवासी मोतीपुरा खरिका, जिला भिंड, मध्य प्रदेश, हाल निवासी गणेश कॉलोनी, पिंटू पार्क, मुरार, ग्वालियर) को गिरफ्तार कर जोधपुर लाया गया है।

## तीन विधेयकों पर जेपीसी में शामिल नहीं होंगे विपक्षी दल, कांग्रेस ने संसदीय कार्यमंत्री को दी जानकारी

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को सूचित कर दिया है कि वह और अन्य विपक्षी दल संसद की संयुक्त समिति का हिस्सा नहीं बनेंगे। यह समिति उन तीन विधेयकों से जुड़ी है, जिनमें यह प्रावधान है कि अगर कोई प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री गंभीर आरोपों में 30 दिनों तक लगातार हिरासत में रहते हैं, तो उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि कांग्रेस ने केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री को अपना फैसला बता दिया है। सभी विपक्षी दलों ने मिलकर यह निर्णय लिया है कि वे इस समिति का बहिष्कार करेंगे। तीन पार्टियां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और आम आदमी पार्टी (आप) पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि वे समिति का हिस्सा नहीं बनेंगी। समाजवादी पार्टी ने भी यह संकेत दिया था कि वह इस विचार का समर्थन करती है कि विपक्ष को एकजुट होकर इस पैनल में शामिल नहीं होना चाहिए। पिछले महीने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा था कि उन्हें किसी भी राजनीतिक दल की ओर से समिति के बहिष्कार को लेकर कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। बिरला ने पत्रकारों को बताया था, संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के मुद्दे पर मुझे किसी भी राजनीतिक दल



की तरफ से कोई लिखित जानकारी नहीं दी गई है। मानसून सत्र के अंतिम दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए थे। इनका नाम केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक, संविधान (130वां संशोधन) विधेयक और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक है। इन विधेयकों में यह प्रावधान है कि अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री गंभीर आरोपों में 30 दिन तक लगातार हिरासत में रहते हैं, तो उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। विपक्ष ने इन तीनों विधेयकों का विरोध किया है। विपक्ष का कहना है कि ये विधेयक असांविधानिक हैं और राज्यों में सत्ता में मौजूद विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के मकसद से लाए गए हैं। लोकसभा ने इन विधेयकों को संसद की एक संयुक्त समिति को भेजा है।

## रणनीतिक संयम बरता या चूक गए अवसर?' गाजा शांति सम्मेलन में भारत की मौजूदगी पर थरूर ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली**

इस्राइल और हमास के बीच दो साल से जारी संघर्ष के बाद हुए शांति समझौते को लेकर दुनियाभर में खुशी का माहौल है। इसी बीच कांग्रेस सांसद और वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शर्म अल-शेख में हो रहे गाजा शांति सम्मेलन में भारत सरकार के प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में दुनिया के कई बड़े देशों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शामिल थे, लेकिन भारत की ओर से केवल एक राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ही मौजूद थे। थरूर ने कहा कि यह स्थिति सम्मेलन में मौजूद प्रमुख नेताओं की तुलना में भारत की उपस्थिति को बहुत कम दिखाती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में थरूर ने यह भी स्पष्ट किया कि यह कोई आलोचना नहीं है कीर्ति वर्धन सिंह की व्यक्तिगत क्षमता को लेकर, क्योंकि उनकी योग्यता पर कोई सवाल नहीं है। लेकिन इतने बड़े और महत्वपूर्ण नेताओं के बीच भारत का ऐसा प्रतिनिधित्व इस बात का संकेत हो सकता है कि भारत रणनीतिक दूरी बनाए रखना चाहता है। हालांकि, थरूर ने कहा कि हमारे दिये गए बयान इस रणनीतिक दूरी की भावना को पूरी तरह नहीं दर्शाते। थरूर ने अपने पोस्ट में जोर दिया कि सम्मेलन में प्रोटोकॉल के कारण भारत की आवाज पुनर्निर्माण और क्षेत्रीय स्थिरता



जैसे अहम मुद्दों पर अपेक्षित प्रभाव नहीं डाल सकी, जितना होना चाहिए था। इसके साथ ही शशि थरूर ने अंत में कहा कि इस स्थिति को देखते हुए यह सोचना जरूरी है कि क्या भारत ने इस महत्वपूर्ण मौके को खो दिया है या फिर यह रणनीतिक संयम का ही हिस्सा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस विषय पर आगे गंभीर चर्चा और सोच-विचार की जरूरत है ताकि भारत की भूमिका मजबूत और प्रभावी बने। इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने इस्राइली बंधकों की रिहाई पर खुशी जताते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि हम दो साल से ज्यादा समय तक बंधक बनाए गए सभी बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं।

## रेलवे को 50 साल तक नजरअंदाज किया गया, अब हो रहा है बड़ा बदलावः रेल मंत्री वैष्णव



**वलसाड**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि भारत में रेल व्यवस्था को करीब 50 से 60 वर्षों तक उपेक्षा झेलनी पड़ी, लेकिन अब रेलवे में ऐतिहासिक बदलाव हो रहा है। उन्होंने यह बात रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के 41वें स्थापना दिवस पर वलसाड में आयोजित कार्यक्रम में कही। मंत्री ने कहा कि अब रेलवे में हर स्तर पर आधुनिक तकनीक और नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं, चाहे वह ट्रैक बिछाने का काम हो, स्टेशन का नवीनीकरण हो या फिर सुरक्षा व्यवस्था। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में लगभग 35,000 किलोमीटर नए ट्रैक बिछाए गए हैं। उन्होंने कहा, 'इतना काम रेलवे के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। आज इसलिए ज्यादा ट्रेनें चल रही हैं और देश के कोने-कोने को रेल से जोड़ा जा रहा है।' उन्होंने कहा कि देश के 1,300 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इनमें से 110 स्टेशनों पर काम पूरा हो चुका है और बाकी जगह तेजी से काम चल रहा है। रेल मंत्री के मुताबिक, अब तक लगभग 60,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा, 'दुनिया के विकसित देश भी इतने कम समय में ऐसा नहीं कर पाए हैं, जितना भारत ने कर दिखाया है।' उन्होंने बताया कि नमो भारत सेवाओं के पहले दो चरणों से मिले अनुभव के आधार पर अब इस ट्रेन का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू होगा। इसके अलावा मेनलाइन ईएमयू (ईएमयू) ट्रेनों को भी जोड़ा जा रहा है, जिनकी मांग काफी अधिक है। रेलवे ने अब तक करीब 3,500 सामान्य (जनरल) कोच ट्रेनों में जोड़े हैं और 7,000 नए कोचों का निर्माण जारी है। वैष्णव ने कहा कि रेलवे का लक्ष्य सभी वर्गों, खासकर गरीब और मध्यम वर्ग, को बेहतर और सस्ती यात्रा सुविधा देना है। रेल मंत्री ने बताया कि अब तक लगभग 1200 लोकोमोटिव इंजनों पर कवच (एटीपी सिस्टम) तकनीक लग चुकी है। यह स्वदेशी प्रणाली ट्रेन हादसों को रोकने के लिए खुद-ब-खुद ब्रेक लगाती है और सुरक्षा बढ़ाती है।

## अमित शाह ने किया नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का शुभारंभ, कहा- पारदर्शी और सुलभ होगा न्याय

**जयपुर**

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को अपने तीसरे राजस्थान दौरे पर जयपुर पहुंचे। यहां उन्होंने जयपुर एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर, सीतापुरा में तीन नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर आधारित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी एक जुलाई 2024 से लागू इन नए कानूनों के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। इस अवसर पर शाह ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम विकास और न्याय दोनों का समन्वय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की न्याय व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन हो रहा है। इन तीनों कानूनों के माध्यम से आम नागरिकों की न्याय तंत्र तक तेजी से, सुलभ



और पारदर्शी रूप में पहुंच सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली को अब औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त कर आधुनिक भारत की जरूरतों के अनुरूप बनाया गया है। शाह ने बताया कि देशभर में इन नए कानूनों के सफल क्रियान्वयन को लेकर केंद्र सरकार लगातार निगरानी और सुधार कर रही है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से जनसामान्य को कानूनों की बारीकियों और उनके व्यवहारिक उपयोग से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन केवल न्याय व्यवस्था के नवाचार का नहीं बल्कि राजस्थान के विकास के नए अध्याय की शुरुआत का भी प्रतीक है। उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के दौरान 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू साइन हुए थे, जिनमें से 3 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट जमीन पर उतर चुके हैं और 4 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का भूमिपूजन आज इसी मंच से किया गया। इसके अलावा उन्होंने लगभग 9,600 करोड़ रुपए के 1100 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर पीएम सूर्य घर योजना के तहत 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल की भी शुरुआत की गई।

## दिवाली से पहले भजनलाल सरकार का बड़ा तोहफा, 6 लाख सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा बोनस

**जयपुर** दीपावली से पहले राजस्थान की भजनलाल सरकार ने राज्य के अराजपत्रित कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है. उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने सरकारी कर्मचारियों के लिए बोनस का अनुमोदन कर दिया है. यह फैसला राज्य के करीब 6 लाख अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए राहत लेकर आया है. वित्त मंत्री ने बोनस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. कर्मचारियों को लगभग 6,774 रुपये का बोनस दिया जाएगा. माना जा रहा है कि आदेश जारी होने के बाद राशि कर्मचारियों के खातों में दीपावली से पहले ट्रांसफर कर दी जाएगी. राज्य सरकार के इस कदम से कर्मचारी संगठनों में खुशी की लहर है.

# राहुल के वोट चोरी के आरोपों की जांच के लिए नहीं गठित होगी एसआईटी

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राहुल गांधी के 'वोट चोरी' वाले आरोपों की जांच के लिए एसआईटी गठित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। जनहित याचिका (पीआईएल) में में बंगलूरू मध्य के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र व देश के अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों की जांच के लिए पूर्व जज की अध्यक्षता में एसआईटी गठित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, हम इस जनहित पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता चुनाव आयोग के समक्ष यह मुद्दा उठाने के लिए स्वतंत्र है। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि चुनाव आयोग के समक्ष एक अभ्यावेदन दिया गया था लेकिन उस पर विचार नहीं किया गया और कोई कार्रवाई नहीं की गई। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता





से कानून के तहत उचित उपाय अपनाने को कहा है। याचिकाकर्ता ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से 7 अगस्त, 2025 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए गए आरोपों का हवाला दिया। याचिका में कहा गया कि यहां दांव पर किसी एक चुनावी मुकाबले का नतीजा नहीं बल्कि मतदाता सूची की अखंडता और विश्वसनीयता है। इस पर पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया टिकी है। जब मतदाता सूची गलत तरीके से नाम हटाए जाने और धोखाधड़ी से नाम जोड़े जाने से दूषित हो जाती है तो मतदान का अधिकार सभी नागरिकों के लिए समान रूप से सुलभ नहीं रह जाता। इससे मताधिकार के सांविधानिक वादे को नुकसान पहुंचता है। याचिका में चुनाव आयोग को यह निर्देश देने की भी मांग की गई थी कि अदालत के निर्देशों का पालन होने और मतदाता सूचियों का स्वतंत्र ऑडिट पूरा होने तक मतदाता सूचियों में कोई और संशोधन या अंतिम रूप नहीं दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ लखनऊ की एक अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक लगाने वाले अपने अंतरिम आदेश को 20 नवंबर तक बढ़ा दिया।

### *याचिकाकर्ता ने कहा- चुनाव आयोग हमारी नहीं सुन रहा*

*याचिकाकर्ता के वकील रोहित पांडे, जो पेशे से वकील हैं, ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग के समक्ष अपना अभिवेदन पहले ही दाखिल कर दिया है, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग द्वारा याचिका पर निर्णय लेने के लिए एक समय सीमा निर्धारित करने का अनुरोध किया, जिसे पीठ ने अस्वीकार कर दिया।*

### *याचिका में राहुल गांधी का भी हवाला दिया गया*

*याचिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का हवाला दिया गया है, जिसमें उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से चुनावों में "बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी" होने का विस्फोटक दावा किया था और इसे " वोट चोरी " करार दिया था। उन्होंने कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची के विश्लेषण का हवाला दिया था। याचिका में सर्वोच्च न्यायालय से यह निर्देश देने की भी मांग की गई है कि अदालत के निर्देशों का पालन होने और मतदाता सूचियों का स्वतंत्र ऑडिट पूरा होने तक मतदाता सूचियों में कोई और संशोधन या अंतिम रूप न दिया जाए।*

# दिवाली : फिर सक्रिय हुए मिलावटखोर शहर से गांव तक बिछाया जाल

द डेसिंप्रग

**सितारगंज (दीपक भारद्वाज) ।** दीपावली के नजदीक आते ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक मिठाइयों के बाजार में तेजी आई है। मिठाइयों की मांग को देखते हुए पूर्व की तरह इस बार भी मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। हालांकि, प्रशासन की तरफ से खाद्य विभाग को टीम गठित कर अधिकारियों को जिले में अभियान चलाकर जांच करने के आदेश दिए गए हैं। इसके बावजूद धंधेबाज मिठाइयों में मिलावट कर मोटा मुनाफा कमाने की जुगत में है। ऐसे में त्योहार पर खरीदारी करने के दौरान लोगों को विशेष सर्तकर्ता बरतने की आवश्यकता है। दिवाली पर मिठाई की बिक्री बढ़ जाती है। सभी अपने घर मिठाई ले आते हैं। खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़ मिलावट करने वाले धंधेबाजों के लिए कमाने का अवसर देती है। दिवाली पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री बढ़ जाती है। इसकी गवाही खाद्य एवं औषधि खराब रिफाइंड व शीरा से सस्ती मिठाइयों को तैयार कर छोटी दुकानों पर बेंचा जा रहा था। यह भी पता लगा था कि धंधेबाज कई जगह मिठाई का कारखाना बना लिए हैं और वहां से तैयार मिठाइयों को बड़ी दुकानों पर भेज रहे हैं। दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही जिले में मिलावट खोर सक्रिय होकर बरेली शाहजहांपुर पीलीभीत की मंडी से मिलावटी खोवा और मिठाई की खेप सितारगंज में पहुंचाते हैं। त्योहारों पर सर्वाधिक मिलावट दूध, खोवा, घी, मक्खन, तेल, मिठाई में कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के लिए की जाती है। मिलावट खोर खाद्य पदार्थ में यूरिया, डिटर्जेंट, सोडा, स्टार्च, हाइड्रोजन पैरॉक्साइड, फॉर्मेलिन समेत कई नुकसान करने वाली चीजों की मिलावट करते हैं।

# डेगाना में मोतियाबिंद शिविर का आयोजन,29 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित,65 लोगों की हुई जांच

## जयपुर में होगा निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण

द डेसिंप्रग



**डेगाना (सुशील लोरा) ।** डेगाना शहर के रामदेव मंदिर में रविवार को निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 65 मरीजों की आँखों की जांच की गई, जिनमें से 29 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है।यह शिविर शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की टीम द्वारा आयोजित किया गया। डेगाना बिजली टूल्स हार्डवेयर के दुकानदारों ने इस निःशुल्क नेत्र शिविर के आयोजन में सहयोग किया। यह शिविर हर महीने आयोजित किया जाता है। शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपनी आँखों की जांच करवाने पहुंचे। आधुनिक मशीनों से 65 मरीजों की आँखों की जांच के साथ-साथ बीपी और मधुमेह की भी निःशुल्क जांच की गई।चयनित 29 मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन जयपुर में शंकरा आई हॉस्पिटल में आधुनिक मशीनों द्वारा किया जाएगा। शिविर के आयोजकों ने बताया कि इन मरीजों के लिए जयपुर आने-जाने, भोजन और पानी की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी।इस अवसर पर पुजारी श्याम लाल वैष्णव, शिवराज टेलर, सम्पत सिंह, देवी सिंह मास्टर, छोटू लाल टेलर, रमेश ईडीवाल, गजब सिंह मास्टर, कालू राम मुंडेल और पार्षद कन्हैया लाल सोनी सहित कई लोगों ने अपनी निःशुल्क सेवाएं दीं।

# पटाखों की दुकानों के लिए लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया शुरू

## जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद प्रशासन और फायर विभाग सतर्क मोड में

द डेसिंप्रग

**सितारगंज दीपक भारद्वाज रुद्रपुर, ।** दीपावली पर्व को देखते हुए पटाखा बाजार की तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार से पटाखों की दुकानों के लिए लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दिशा-निर्देशों के अनुसार, एक दुकान से तीन मीटर की दूरी तक दूसरी दुकान नहीं लगाई जा सकेगी। साथ ही प्रत्येक दुकान में धूम्रपान निषेध का बोर्ड लगाना और अग्निशमन उपकरण रखना अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन ने दीपावली को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। वहीं पटाखा कारोबारी भी बाजार लगाने की तैयारी में जुटे हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद प्रशासन और फायर विभाग सतर्क मोड में हैं। फायर विभाग ने अपने स्त्रोतों को सक्रिय कर दिया है, ताकि बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। पटाखों की दुकान लगाने के लिए संबंधित तहसील से फॉर्म लेना होगा। फायर विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने के बाद ही एसडीएम कार्यालय से लाइसेंस जारी किए जाएंगे। फायर सेफ्टी ऑफिसर (एफएसओ) महेश चंद्र ने बताया कि नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। किसी भी पेट्रोल पंप या गैस गोदाम के पास पटाखों की दुकान लगाना पूरी तरह निषिद्ध रहेगा।

# कंपनी के गेट के सामने खड़ी बाइक चुराई

द डेसिंप्रग

**सितारगंज। दीपक भारद्वाज ।** अज्ञात चोरों ने कंपनी की गेट के सामने खड़ी बाइक चुरा ली। वहीं, मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। सिमरिया गोसु, सकोल (पीलीभीत) निवासी अरविंद कुमार ने बताया कि 26 अगस्त को वह सिडकुल की एक कंपनी में इंटरव्यू देने के लिए गया था। कंपनी के गेट के बाहर बाइक खड़ी कर वह अंदर चला गया। इंटरव्यू देकर जब वह वापस लौटा तो उसे बाइक नियत स्थान पर नहीं मिली। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चतुर्वेदी 'साहित्य मनीषी' की उपाधि से सम्मानित



द डेसिंप्रग

**रुदावल, भरतपुर / रामकुमार उपाध्याय।** राजस्थान जन सांस्कृतिक परिषद के तत्वाधान में शहनाई मैरिज होम में साहित्यकारों का महासंगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोहागढ़ साहित्य सुमन साझा संकलन का विमोचन भी किया। साहित्यकारों के महासंगम में सूरौठ निवासी डॉ. सुरेश चतुर्वेदी पूर्व उपनिदेशक आयुर्वेद को साहित्य सेवा के लिए साहित्य मनीषी की उपाधि से राजस्थान जन सांस्कृतिक परिषद के पदाधिकारीयो की ओर से सम्मानित किया गया। जन सांस्कृतिक पारिषद के पदाधिकारी वेद प्रकाश वेद, राजेंद्र अनुरागी, श्याम सिंह जघीना, डॉक्टर अशोक कुमार गुप्ता, लोकेश सिंघल, डॉ. रामदास शर्मा एवं निर्मल औदिच्य ने डॉ. सुरेश चतुर्वेदी को साफा, माला, दुपट्टा, पुस्तक, श्री गणेश प्रतिमा एवं प्रतीक चिन्ह देकर ÷साहित्य मनीषी÷ की उपाधि से सम्मानित किया गया।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल में कार्यक्रम हुआ आयोजित

द डेसिंप्रग



**सुजानगढ़।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सुमन नाहटा एवं महामंत्री श्रीमती रचना हिरण अपनी टीम के साथ आज सुजानगढ़ तेरापंथ सभा भवन के प्रांगण में पधारे। सुजानगढ़ आते ही उन्होंने माणक गणी की समाधी के दर्शन कर वहां पर करीब 25 मिनट तक ओम् भिक्षु जय भिक्षु और ओम् श्रीं माणक गणी गुरुदेव नमः का जप किया। तत्पश्चात तेरापंथ सभा भवन में शासन श्री साध्वी श्री सुप्रभा जी एवं सहवर्ती साध्वियों का दर्शन लाभ लिया। कन्या मंडल की बहनों द्वारा तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुजानगढ़ महिला मंडल ने मंगलाचरण से किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी भूतोड़िया ने आए हुए अतिथियों का स्वागत अपने वक्तव्य द्वारा किया। महामंत्री श्रीमती रचना हिरण ने सारे कार्यो का विवरण दिया और आगाज किया कि अखिल भारतीय से जो भी कार्य आए कृपया उन पर फोकस करें। इसी कड़ी में निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती सरिता जी डागा ने अपनी तरफ से अखिल भारतीय से आई सभी बहनों का स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुमन नाहटा ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य द्वारा सबको प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि हम सभी बहनें संगठित हो हर कार्य को पूर्ण करें। साध्वी श्री मनीषा श्री ने मंगल उद्धबोधन दिया। कोषाध्यक्ष श्रीमती सज्जन जी बोकड़िया ने आभार ज्ञापित किया।अखिल भारतीय से पधारे सभी बहनों का सम्मान कार्यसमिति की बहनों ने दुपट्टा ओढ़ा कर किया। मंगल पाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ।सफल संयोजन स्थानीय मंत्री डॉ पूजा फुलफगर ने किया। जय जय ज्योति चरण जय जय महाश्रमण जयकारा लगाया।मिलावट खोर सक्रिय होकर बरेली शाहजहांपुर पीलीभीत की मंडी से मिलावटी खोवा और मिठाई की खेप सितारगंज में पहुंचाते हैं। त्योहारों पर सर्वाधिक मिलावट दूध, खोवा, घी, मक्खन, तेल, मिठाई में कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के लिए की जाती है। मिलावट खोर खाद्य पदार्थ में यूरिया, डिटर्जेंट, सोडा, स्टार्च, हाइड्रोजन पैरॉक्साइड, फॉर्मेलिन समेत कई नुकसान करने वाली चीजों की मिलावट करते हैं।

# नानकमत्ता में भाजपा की बैठक में गूंजा स्वदेशी अपनाओ का नारा

## पूर्व विधायक डॉ. राणा बोले- जब अपना देश मजबूत होगा तभी आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा।

द डेसिंप्रग



**नानकमत्ता:(दीपक भारद्वाज) ।** पर्वतीय उत्थान समिति के सभागार में भाजपा विधानसभा मंडल की बैठक ÷आत्मनिर्भर भारत अभियान÷ के तहत ÷स्वदेशी अपनाओ÷ कार्यक्रम के रूप में बड़े उत्साह से आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में स्वदेशी भावना को पुनर्जीवित करने का अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने देश में निर्मित वस्तुएं खरीदेंगे, तभी देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय कारीगरों, शिल्पियों को रोजगार मिलेगा। डॉ. राणा ने कहा कि दीपावली जैसे पर्वों पर हमें स्थानीय उत्पादकों द्वारा बनाए गए पारंपरिक दिए, सजावटी सामान व हस्तशिल्प वस्तुओं को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि क्षेत्र का पैसा यहीं पर रहे और छोटे उद्यमी सशक्त हों। भाजपा नेता जगदीश जोशी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की नींव स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग से ही मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हमें यह पहचानने की आवश्यकता है कि कौन सी वस्तुएं विदेशी हैं और कौन सी स्वदेशी, ताकि हम अपने व्यवहार में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे सकें। जोशी ने कहा कि यह केवल एक आर्थिक नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान का अभियान है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुष्कर काला ने कहा कि स्वदेशी अपनाने से गांव-गांव में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और भारत फिर से विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर होगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विकास गुलाटी, ग्रामीण मंडल अध्य नारायण राणा, जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह मान, महामंत्री रमेश जोशी, जिला पंचायत सदस्य भास्कर। सम्मल, ग्राम प्रधान जगदीश अटवाल, सुमित जोशी, राज सिंह, जितेंद्र सिंह राणा, रणजीत राणा सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ और सभी कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी अपनाने व आत्मनिर्भर भारत निर्माण का संकल्प लिया।

# नगरपालिका राजगढ़ का भ्रष्ट बाबू रंगे हाथों गिरफ्तार

## 12 हजार की रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा, रजिस्ट्री के बाद भी नहीं बना रहा था पट्टा

द डेसिंप्रग



**राजगढ-अलवर/ मनोज खंडेलवाल ।** राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार, 13 अक्टूबर को अलवर जिले के राजगढ़ में एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर पालिका राजगढ़ में कार्यरत प्रभारी राजस्व/भूमि शाखा (सहायक कर्मचारी) रामहेत बैरवा को रू12,000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी ने यह राशि एक परिवादी से उसकी पत्नी के नाम आवासीय पट्टा और कन्वर्ज़न आदेश जारी करने के बदले मांगी थी।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी चौकी अलवर प्रथम को परिवादी की ओर से शिकायत प्राप्त हुई थी कि उसने वर्ष 2020 में अपनी पत्नी के नाम से राजगढ़ कस्बे के रेबारपुरा मोहल्ला धोला खोजा स्थित 242 वर्गगज के प्लॉट की रजिस्ट्री करवाई थी। करीब एक माह पूर्व जब उसने नगर पालिका में पट्टा बनवाने के लिए फाइल लगाई और निर्धारित राशि रू75,978 जमा कराई, तो भी पट्टा जारी नहीं हुआ। इस पर उसने संबंधित बाबू रामहेत बैरवा से संपर्क किया। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने पत्नी के नाम पट्टा जारी करने के लिए रू10,000 और उसी महिला के दूसरे प्लॉट के कन्वर्ज़न आदेश के लिए रू5,000 की रिश्वत मांगी। 10 अक्टूबर को उसने परिवादी से रू3,000 अग्रिम राशि ले ली। एसीबी ने शिकायत की पुष्टि के लिए सत्यापन करवाया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद टीम ने ट्रैप की योजना बनाई। 13 अक्टूबर को ट्रैप कार्रवाई के दौरान एसीबी टीम ने आरोपी को परिवादी से रू12,000 की शेष रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी की शर्ट की बाई जेब से पूरी राशि बरामद की गई। यह कार्रवाई एसीबी चौकी अलवर प्रथम के डीआईजी राजेश सिंह के सुपरविजन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार (टीएलओ) के नेतृत्व में की गई। टीम ने आरोपी को मौके से हिरासत में लेकर आवश्यक दस्तावेज, सबूत और रासायनिक परीक्षण के लिए धनराशि जब्त कर ली है। एसीबी अधिकारियों के अनुसार, आरोपी से गहन पूछताछ जारी है और उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। ब्यूरो की इस कार्रवाई से नगर पालिका राजगढ़ के प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है और अन्य कर्मचारियों की कार्यप्रणाली भी जांच के घेरे में आने की संभावना जताई जा रही है।

# वीसी के माध्यम से नए कानूनो को लेकर पंचायत समिति में आयोजित हुआ कार्यक्रम

द डेसिंप्रग



**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)।** वीसी के माध्यम से पंचायत समिति में नए आपराधिक कानूनों की जानकारी को लेकर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देखा गया। जयपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नए कानून से न्यायिक प्रक्रिया में बदलाव की जानकारी दी। संबोधन और कानून से संबंधित प्रदर्शनी को स्थानीय स्तर पर उत्साहपूर्वक देखा गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक आशीष कुमार भार्गव, सीआई हंसराज मीणा, अधिवक्ता जनक राज मीणा, सीएलजी सदस्य शहर काजी अब्दुल गनी, गौरव मलिक,पार्षद राम सिंह गुर्जर,पार्षद राजेश सैनी,रफीक रंगरेज,लोकेश शर्मा मुखिया, बसंत शर्मा सहित व्यापार मंडल, एनजीओ, शांति समिति, पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी और ग्राम रक्षकगण मौजूद रहे। पुलिस उपाधीक्षक आशीष कुमार भार्गव ने कहा नए कानून परिवारों के लिए होंगे मददगार नए कानूनो से अपराधियों पर नकेल कसना होगा आसान।सभी ने कहा कि नए कानूनों की जानकारी से आमजन को न्याय प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और सुरक्षा की भावना मिलेगी।

# एनसीआरईएस अछनेरा शाखा की मासिक बैठक में रेलकर्मियों ने की आवाज़ बुलंद

## ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने और यूपीएस समाप्त करने की मांग पर जोर।

द डेसिंप्रग



**मंडावर/ मनोज खंडेलवाल ।** रेल कर्मचारियों के हितों और अधिकारों को लेकर सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 को एनसीआरईएस (हृष्ट्रक्ष श्वद्बश्चद्यश्व4द्दद्दह्य स्प्ष्द्बद्दह्व4) अछनेरा शाखा की मासिक ब्रांच काउंसलिंग बैठक का आयोजन मंडावर एसएसजी टर्ड कार्यालय में किया गया। बैठक में अछनेरा शाखा के पदाधिकारियों और मंडावर सहित विभिन्न विभागों के लगभग 50 से 60 रेल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक का उद्देश्य रेल कर्मचारियों की लंबित समस्याओं और सेवा-संबंधी मांगों पर खुली चर्चा करना रहा। कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित सदस्यों ने संगठन की नीतियों और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की, जिसके बाद एक-एक कर कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं सामने रखीं। कई मामूली प्रशासनिक विषयों और आंतरिक विवादों का समाधान बैठक स्थल पर ही कर दिया गया, जबकि कुछ गंभीर मुद्दों पर निर्णय के लिए संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से ओल्ड पेंशन स्कीम (ह्वक्र-) को पुनः लागू करने और न्यू पेंशन स्कीम (क्क-) को समाप्त करने की मांग जोरदार ढंग से उठाई गई। कर्मचारियों ने कहा कि नई पेंशन नीति उनके भविष्य की सुरक्षा के विपरीत है और सरकार को पुरानी व्यवस्था बहाल करनी चाहिए। इसके अलावा ट्रांसफर नीति, पदोन्नति प्रक्रिया, कार्यस्थल की सुविधाओं और ड्यूटी टाइमिंग को लेकर भी कई सुझाव दिए गए। संगठन के पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी जायज़ मांगों को विभागीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा और प्रत्येक कर्मचारी की आवाज़ को उचित मंच तक पहुँचाया जाएगा। बैठक के दौरान कर्मचारियों में एकजुटता और संगठन के प्रति गहरा विश्वास देखने को मिला।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एनसीआरईएस अछनेरा शाखा के पदाधिकारी रोबिन सिंह मीणा, रामप्रसाद मीणा (स्टेशन मास्टर), प्रकाश बैरवा (बांदीकुई), अरुण शर्मा, दीपक गोयल, आर.पी. सिंह, करतार सिंह, विजय सिंह मीणा, राजेंद्र सिंह मीणा, ऋषिकेश मैहर, सतीशचंद मीणा, महेशचंद रसाल, अशोक सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर अछनेरा शाखा की ओर से सभी रेल कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया और संगठन के प्रति विश्वास बनाए रखने का आग्रह किया गया। कार्यवाही का अंत ÷संगठन की मजबूती, कर्मचारी की सुरक्षा÷ के नारे के साथ हुआ, जिसने मंडावर से लेकर अछनेरा तक एकजुटता की भावना को और मजबूत कर दिया।

# कोटा में मीडिया फैमिली ने देखा विश्व प्रसिद्ध जेमिनी सर्कस का लाइव शो और मेला भ्रमण किया

## मीडिया को लिए मेले में एयर इंडिया वर्ल्ड टूर, झूला और लज़ीज़ व्यंजनों को साथ रहा मिलेट्स फूड्स

## प्रदेशाध्यक्ष और जनसंपर्क विभाग, प्रेस क्लब के प्रतिनिधियों सहित पत्रकारों ने लिया भाग, आइमा फाउंडेशन का आयोजन

द डेसिंप्रग





**कोटा / फ़रीद खान ।** आइमा मीडिया फाउंडेशन और मीडिया हाउस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निशुल्क मीडिया फैमिली सांस्कृतिक भ्रमण कार्यक्रम 2025 रविवार को कोटा दशहरा मेला मैदान स्थित विश्व प्रसिद्ध ग्रेट जेमिनी सर्कस में उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीरज गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष, मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट ने अपने संबोधन में कहा कि जेमिनी सर्कस का यह आयोजन पत्रकार परिवारों के लिए एक यादगार अवसर है। विशिष्ट अतिथि गजेंद्र व्यास अध्यक्ष कोटा प्रेस क्लब ने कहा सर्कस प्रबंधन और आयोजक संस्था ने जिस समर्पण और अनुशासन से यह आयोजन किया सराहनीय है। कार्यक्रम के विशेष आमंत्रित अतिथि एमएम शेख अति निदेशक सूचना जनसंपर्क विभाग कोटा ने कहां यह आयोजन पत्रकारिता जगत की एकता और सकारात्मक सोच का प्रतीक है। विशेष आमंत्रित अतिथि आशीष मेहता मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय मेला दशहरा कोटा ने आयोजकों का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे पारिवारिक सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में सौहार्द, आनंद और जुड़ाव की नई मिसाल पेश करते हैं। आयोजकों द्वारा सर्कस प्रबंधन आज़म सिद्दीकी का स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया।




## आयोजन में 500 से अधिक मीडिया सदस्य परिवार सहित हुए शामिल

कार्यक्रम आइमा मीडिया फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष रवि सामरिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक जेबा पटेल रही। पूरे आयोजन में टीमवर्क, अनुशासन और उत्सव जैसा माहौल नजर आया। पत्रकार परिवारों ने सर्कस के बाद एयर इंडिया शो, वर्ल्ड टूर सहित झूला, नांव के हैरतअंगेज़ हवाई करतबों का रोमांचक आनंद लिया। मेले में आनंद चाट भंडार पर लालाजी स्पेशल के हाथी जाम और गोभी के पकौड़े के साथ इशिमा श्री अन्न पर विभिन्न राजस्थान के मोटे अनाज मिलेट्स से बने स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद उठाया जो स्वस्थ भारत, पोषित भारत का सशक्त संदेश देता है। कार्यक्रम में कोटा जिले के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से आए 500 से अधिक पत्रकारों ने अपने परिवार, महिलाओं और बच्चों के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया चैनलों के वरिष्ठ पत्रकार, सोशलिस्ट और 50 इंस्टाग्राम इनफ्लुएंसर्स भी शामिल रहे। वरिष्ठ पत्रकार रमेश गांधी सहित सभी मीडिया प्रतिनिधियों ने इस आयोजन को पत्रकारों का पारिवारिक उत्सव बताया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने सर्कस कलाकारों से बातचीत कर उनके कौशल की सराहना की, वहीं वरिष्ठ पत्रकारों ने मीडिया की इस एकजुटता को गर्व का क्षण बताया। ग्रेट जेमिनी सर्कस प्रबंधक आजम सिद्दीकी ने बताया कि कोटा में सर्कस का लास्ट शो 19 अक्टूबर चलेगा।

# महवा ब्लॉक में योग प्रशिक्षकों का संगठनात्मक विस्तार, सर्वसम्मति से विनेयपाल पोसवाल बने अध्यक्ष

## सरकारी गाइडलाइन के तहत योग सभाओं के लिए तय हुई नई रणनीति

द डेस्प्रिंग



**मनोज खंडेलवाल / महवा।** स्वस्थ भारत के संकल्प और सामुदायिक स्वास्थ्य चेतना के विस्तार को नई दिशा देते हुए महवा ब्लॉक के योग प्रशिक्षकों ने रविवार को पितलिया बालाजी मंदिर परिसर में एक महत्त्वपूर्ण आमसभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बालाजी महाराज के दर्शन और सामूहिक प्रार्थना से हुई, जिसके पश्चात संगठनात्मक सत्र में महवा ब्लॉक योग प्रशिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी का विस्तार सर्वसम्मति से किया गया। इस दौरान विनेयपाल पोसवाल को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि उपाध्यक्ष हरीओम शर्मा, महामंत्री प्रदीप अवस्थी, सचिव मनीषा सैनी, मीडिया प्रभारी लोकेश सैनी (भण्डपुरा-रींदली) तथा संरक्षक के रूप में श्यामसिंह और विश्राम योगी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। कार्यकारिणी के गठन के उपरांत ब्लॉक स्तर पर योग गतिविधियों की नियमितता और प्रशासनिक समन्वय पर विशेष चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने तय किया कि सीएससी, पीएससी और एचडब्ल्यूसी केंद्रों पर भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार योग सभाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि प्रत्येक ग्राम पंचायत तक योग की पहुंच हो सके और ग्रामीण समाज स्वस्थ व आत्मनिर्भर बन सके। अध्यक्ष विनेयपाल पोसवाल ने कहा कि योग प्रशिक्षक केवल शारीरिक सुदृढ़ता के संवाहक नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और मानसिक संतुलन के प्रतीक हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों से आह्वान किया कि योग को ग्रामीण जीवन का नियमित हिस्सा बनाने के लिए संगठित प्रयास किए जाएं। सभा के समापन पर सभी प्रशिक्षकों ने बालाजी मंदिर में प्रसादी अर्पित कर सामूहिक भोज ग्रहण किया। इस अवसर पर हिमांशु सैनी (बनावड), रिंकी मीणा (समलेटी), अजय शर्मा (रामगढ़), राहुल शर्मा (रसीदपुर), गुड्डी कुमारी (खेड़ला गदाली), कविता सैनी (गढ़ हिम्मत सिंह), प्रियंका शर्मा (टिकरी किलानोत), निरंजन प्रजापत (हडिया) और संतोष कुमारी (पीपलखेड़ा) सहित दर्जनों प्रशिक्षक उपस्थित रहे। संगठन ने यह भी निर्णय लिया कि प्रत्येक योग प्रशिक्षक अपनी मासिक गतिविधि रिपोर्ट ब्लॉक कार्यालय में प्रस्तुत करेगा तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर योग से समृद्ध ग्राम अभियान को गति दी जाएगी।

# मंडावर के जंगलों में लेपर्ड की दस्तक से दहशत : पांच दिन से घूम रहा तेंदुआ, वन विभाग ने लगाया पिंजरा

## ग्रामीणों ने जताई सुरक्षा बढ़ाने की मांग, विधायक राजेन्द्र मीणा ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश।

द डेस्प्रिंग



**मनोज खंडेलवाल / मंडावर।** उपखंड क्षेत्र के गाँव मंडावर के जंगलों में रविवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक लेपर्ड के दिखाई देने की खबर पूरे इलाके में जंगल की आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों ने शाम के वक्त गांव की सीमा के नजदीक तेंदुए को घूमते देखा, जिसके बाद लोगों में भय और अफरातफरी मच गई। बच्चों और पशुओं को तत्काल घरों के अंदर कर दिया गया और रातभर गांव की गलियां सुनसान पड़ी रहीं। ग्रामीणो ने बताया कि पिछले करीब पांच दिनों से तेंदुआ गाँव मंडावर पहाड़ी क्षेत्र में देखा जा रहा था, लेकिन रविवार को वह गांव की सीमा में प्रवेश कर गया। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना तत्काल वन विभाग और स्थानीय विधायक राजेन्द्र मीणा को दी। सूचना मिलते ही विधायक ने अधिकारियों से फोन पर बात कर क्षेत्र में सुरक्षा और राहत व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। सोमवार, 13 अक्टूबर की सुबह वन विभाग की टीम मंडावर पहुंची और ग्रामीणों से जानकारी लेकर तेंदुए की गतिविधियों वाले हिस्से का मुआयना किया। विभाग ने उसी क्षेत्र में पिंजरा लगाकर निगरानी शुरू की, मगर देर शाम तक पिंजरा खाली रहा। इलाके में अब भी भय का माहौल बना हुआ है। कई लोगों ने रात्रि में खेतों में जाना बंद कर दिया है, वहीं अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने में भी हिचकिचा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही आसपास के खेतों और जंगल की तरफ से जानवरों की हलचल महसूस होती है, जिससे वे लगातार डर में हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह तेंदुआ संभवतः पास के पहाड़ी क्षेत्र से भटककर मानव बस्ती के समीप पहुंच गया है। क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और ग्रामीणों से जंगल की ओर अकेले न जाने की अपील की गई है। फिलहाल मंडावर और आस-पास के गांवों में भय और सतर्कता का माहौल है, जबकि प्रशासन ने अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

# रबी फसलों की बुवाई जोर पर, किसानों से सुपर फॉस्फेट के उपयोग की अपील

द डेस्प्रिंग


**हनुमानगढ़( विनोद चौधरी) ।** जिले में रबी सीजन की बुवाई का कार्य तेजी से प्रगति पर है। सरसों सहित चना और अन्य प्रमुख रबी फसलों की बुवाई शुरू हो चुकी है। बुवाई के साथ ही किसान डीएपी, एसएसपी, एनपीके, यूरिया और पोटाश जैसे आवश्यक उर्वरकों की खरीद कर रहे हैं। जिले में लगातार डीएपी और अन्य फास्फेटिक उर्वरकों की आपूर्ति की जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारी वितरण प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं, ताकि किसानों को आवश्यकतानुसार खाद की उपलब्धता सुगमता से सुनिश्चित हो सके। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि किसानों को तिलहन एवं दलहनी फसलों में तेल और प्रोटीन की मात्रा बढ़ाने हेतु सल्फर युक्त उर्वरक सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी) के उपयोग की सलाह दी जा रही है। इस उर्वरक के प्रयोग से फसलों को फास्फोरस के साथ-साथ सल्फर और कैल्शियम तत्व भी प्राप्त होते हैं, जिससे मिट्टी की संरचना में सुधार होता है। उन्होंने बताया कि डीएपी उर्वरक के प्रत्येक बैग में 23 किलोग्राम फास्फोरस और 9 किलोग्राम नाइट्रोजन पाया जाता है, जबकि एसएसपी के प्रति बैग में 8 किलोग्राम फास्फोरस और 5.5 किलोग्राम सल्फर पाया जाता है।

# राज्य सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्र के विकास को दी प्राथमिकता, 14.35 करोड की राशि से होगा रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र का विकास : पूर्व विधायक बलवीर लूथरा

## मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास योजना के तहत रायसिंहनगर

## विधानसभा क्षेत्र के लिए धनराशि स्वीकृत होने पर पूर्व विधायक लूथरा ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

द डेस्प्रिंग



**रायसिंहनगर ।** रायसिंहनगर. राजस्थान सरकार द्वारा ÷मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास योजना÷ के तहत रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 14 करोड़ 34 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत करने पर रायसिंहनगर पूर्व विधायक बलवीर सिंह लूथरा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया है। पूर्व विधायक लूथरा ने बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास योजना के माध्यम से स्वीकृत की गई 14 करोड़ 34 लाख रूपए की धनराशि से सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी ढांचे के सुधार में मील का पत्थर साबित होगी।

# पूर्व विधायक बलबीर सिंह लूथरा ने सीसी रोड का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया

द डेस्प्रिंग



**रायसिंहनगर (इंद्रजीत रैन) ।** रायसिंहनगर. नगर पालिका के वार्ड संख्या 12,13, 14 व18 की मुख्य सड़क 11टीके फटाक से सेन मंदिर की ओर सीसी सड़क का निर्माण कार्य का शुभारंभ पूर्व विधायक बलबीर सिंह लूथरा ने सोमवार को किया। आयोजित प्रोग्राम में वार्ड वासी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि वह नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना भेदभाव विकास कार्य कराए जा रहे हैं। कई जर्जर सड़कों का निर्माण कराया गया है। ठेकेदार को हिदायत दी कि मानक के मुताबिक निर्माण सामग्री लगाएं। इस अवसर पर चेयरमैन मनीष मोहन टोनी, नगर पालिका मंडल के पार्षद कमलदीप चावला, राजकुमार स्वामी श्याम छाबड़ा, कंचन डागला स्वच्छ भारत अभियान जिला सहसंयोजक राधेश्याम भाकर ÷पूर्व पालिका उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह, हरभजन सिंह सूदन , पूर्व पार्षद भागवंती देवी , सहित गणमान्य लोग रहे। मौजूद , पालिका सहायक अभियंता दैवेन्दर सिंह , जेटीओ महेन्द्र कुमार भी विशेष रूप से मौजूद।।

# संगठन सृजन अभियान का मूल उद्देश्य कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना और कांग्रेस पार्टी की नीति विचारधारा को आम जनता तक पहुंचना -ऑब्जर्वर नदीम जावेद

## चम्बल लिफ्ट परियोजना का लोकार्पण कर आमजन की आंखों में धूल झोंक रही है भाजपा सरकार : रोहित बोहरा

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग



संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस द्वारा प्रेस वार्ता हुई आयोजित।विधायक रोहित वोहरा, विधायक शोभा रानी कुशवाहा सहित वरिष्ठ नेताओं की रही उपस्थिति।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत धौलपुर जिले में जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया चल रही है इसी क्रम में आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर नदीम जावेद ने होटल रेड स्टोन में पत्रकारों से संवाद किया आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर नदीम जावेद ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का मूल उद्देश्य कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और कांग्रेस पार्टी की नीति व विचारधारा को आम जनता तक पहुंचना है उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत सक्रिय व सशक्त बनाने के उपायों पर विचार विमर्श किया जा रहा है संगठन सृजन अभियान के तहत यह तय किया जा सके की कौन व्यक्ति जिला अध्यक्ष के पद के लिए उपयुक्त रहेगा उन्होंने कहा कि पिछले चार दिनों से जिला स्तर पर, ब्लाक स्तर पर कार्यकर्ताओं से व्यक्ति गत संवाद स्थापित कर चुके हैं वर्तमान जिला अध्यक्ष सहित विभिन्न जाति वर्गो एवं विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 20 लोगों ने जिला अध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया हं जिनमें चार महिलाओं ने भी आवेदन किया है और यह प्रक्रिया जारी है आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सर मथुरा और बसेड़ी के कार्यकताओं से संवाद करने के लिए वह जा रहे हैं उन्होंने कहा कि 20 से अधिक लोग नेतृत्व करने के लिए सक्षम है यह किसी भी राजनीतिक दल के लिए बड़ी बात है अलग-अलग जाति धर्म एवं आयु वर्ग के लोगों ने आवेदन किया हैं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक नदीम जावेद ने कहा कि मेने ओर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक अजीत यादव ने वरिष्ठ कांग्रेस जनों, ब्लॉक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से सामूहिक चर्चा कर अलग-अलग कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेकर संगठन की वर्तमान स्थिति पर रायशुमारी की है और वन टू वन संवाद स्थापित किया है उन्होंने कहा कि यह साल संगठन को समर्पित है विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस कार्यकर्ता देश को एकजुट कर कांग्रेस को मजबूत करने का काम कर रहा है उन्होंने कहा कि इस लोकसभा क्षेत्र में विपरीत परिस्थितियों में भी मेंबर पार्लियामेंट को जीत दिला कर जिले की जनता ने कांग्रेस के प्रति अपने निष्ठा को साबित किया है उन्होंने कहा कि 2028 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान के अंदर पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर नदीम जावेद ने विस्तार से चर्चा करते हुए पत्रकारों को बताया कांग्रेस संगठन को जमीन स्तर पर मजबूत करने का उद्देश्य को ध्यान में रखकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अहमदाबाद में एडमिशन में संगठन सृजन अभियान की को लेकर चर्चा की गई और संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कई प्रदेशों में सफलतापूर्वक जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं , युवाओं , महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उनका राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उनकी योग्यता के अनुरूप उन्हें सामायोजित करने का काम प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा यह उन्होंने कहा कि जिले में प्रत्यक्ष संवाद की प्रक्रिया 20 अक्टूबर तक पूरी हो जाएगी उसके बाद प्रदेश नेताओं की राय के बाद संभवत से 30 अक्टूबर तक प्रक्रिया संपन्न हो सकती है राजस्थान प्रदेश बना बीमारु राज्य- विधायक रोहित वोहरा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष राजाखेड़ा विधायक रोहित वोहरा प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारो से रूबरू होते हुए कहा प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल है और राजस्थान प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी में शामिल हो गया है वर्तमान सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया है विधायक रोहित वोहरा ने आगे कहा कि पिछले 3 महीने से सामाजिक सुरक्षा पेंशन लोगों को नहीं मिल पा रही है पंचायती राज कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है प्रदेश सरकार का वित्तीय मैनेजमेंट फेल है और दिसंबर तक प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए वेतन देना मुश्किल हो जाएगा उन्होंने कहा कि सरकार ने इस राज्य को बीमार राज्य बना दिया है राजाखेड़ा में एनीकट बनने से जल स्तर बढ़ा है और काली तीर परियोजना शुरू होने से समस्या का समाधान हो जाएगा और काली तीर परियोजना से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी विधायक रोहित वोहरा ने कहा की चंबल लिफ्ट परियोजना का लोकार्पण कर सरकार लोगों की आंखों में धूल झोंक रही है जबकि इस योजना के तहत अभी डिग्गी बनाने का भी काम पूरा नहीं है प्रदेश के किसान डीएपी, यूरिया के लिए सड़कों पर हैं और किसानों को समय पर खाद ,युरिया नहीं मिल पा रहा है इस अवसर पर धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अपने नियुक्त आब्जर्वर अजीत यादव, प्रदेश सचिव साजिद खान , जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ,जिला प्रवक्ता धनेश जैन, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा,पंकज तिवारी मौजूद रहे

# नगरपरिषद धौलपुर का जादुई करिश्मा 264 करोड़ रुपए की डीपीआर स्वीकृत हुए बिना कर दिया जलभराव की समस्याओं का कागजों में निस्तारण

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्गिप

नगर परिषद धौलपुर का जादुई करिश्मा 264 करोड रुपए की डीपीआर स्वीकृत हुए बिना कर दिया अधिकांश कॉलोनी में जलभराव की समस्या का कागजों में ही निस्तारण। मुस्कान सोसायटी के सचिव अमित जादौन ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार को भेजी गई हजारों परिवेदनाएं परिवादों के धरातल पर निस्तारण की बाट देख रही हैं । 66 कॉलोनी के 7000 मकान और 80000 नागरिक भले ही बंद सीवर ओवरफ्लो के गंदे पानी के सड़कों पर जमा होने, रास्तों में पानी भरा होने एवं खाली भूखंडों पर गंदे पानी के भराव और जगह-जगह खोदे गए कच्चे नालो के ओवरफ्लो होने से जान माल का संकट झेल रहे हो परंतु नौकरशाही की अनदेखी के चलते गृह मंत्रालय भारत सरकार के सचिव गोविंद मोहन जी के द्वारा भेजे गए परिवाद का निस्तारण जादुई करिश्मा से कर दिया गया है 4 जून 2025 को दर्ज इस परिवाद की जांच गृहमंत्रालय भारत सरकार से मुख्य सचिव राजस्थान को मुख्य सचिव राजस्थान से जिला प्रशासन धौलपुर को और जिला प्रशासन धौलपुर से कस्बा धौलपुर के पटवारी को भेज कर निस्तारण दिखाया गया पटवारी ने लिखा की परिवेदना का संबंध नगरपरिषद धौलपुर और सिंचाई विभाग से है परिवादी के द्वारा इस निस्तारण पर आपत्ति दर्ज करने के बाद परिवेदना का निस्तारण 2 अक्टूबर 2025 को आयुक्त नगर परिषद ने जादुई करिश्मा से निस्तारण दिखाते हुए लिखा कि अधिकांश कॉलोनी में जलभराव की समस्या का निस्तारण कर दिया गया है स्थाई समाधान के लिए डीपीआर तैयार कर राजस्थान सरकार को भिजवा दी गई है मुस्कान समिति के सचिव अमित जादौन ने गृह मंत्रालय भारत सरकार को इस निस्तारण को काल्पनिक, बेबुनियादी एवं केंद्र राज्य सरकार को गुमराह करने वाला बताते हुए वर्तमान स्थिति के जीपीएस कैमरे से खींचे गए छायाचित्र जिसमें लोकेशन, दिनांक और समय अंकित है के साथ-साथ समाचार पत्रों में प्रकाशित वर्तमान समाचारों की 112 दस्तावेज साक्ष के साथ परिवेदना भेजी गई है परिवेदना में जान माल की सुरक्षा की अनदेखी करने वाले अधिकारियों के द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के अनुरूप कार्य नहीं करने वालों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान सरकार के स्तर से विशेष जांच दल गठित करने की मांग की गई है। नौकरशाही, महामहिम राष्ट्रपति महोदय के पत्रों को भी संवेदनशीलता से नहीं ले रहे हैं 15 मई 2025 को राष्ट्रपति सचिवालय से 3 अप्रैल 2025 को भेजे गए परिवार को राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज किया गया है उस समय 53 कॉलोनी के 1162 परिवारों की परिवेदनायें महामहिम राष्ट्रपति महोदय को भेजी गई थी इस परिवेदना में 7000 मकान के चारों ओर 80000 की आबादी सीवर के गंदे पानी से मौसमी बीमारियों के शिकार होने, मकान में दरार आने एवं सीलन की वजह से जान माल की सुरक्षा की रक्षा करने के लिए परिवेदना राष्ट्रपति सचिवालय को भेजी गई थी इस परिवेदना का निस्तारण भी करिश्माई अंदाज में कर दिया गया है नगरीय विकास विभाग राजस्थान सरकार के स्तर से ड्रेनेज सिस्टम सुधार के लिए आयुक्त नगर परिषद धौलपुर एवं जिला कलेक्टर धौलपुर के द्वारा डीपीओ तैयार कराई जाकर 264 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया था यह प्रस्ताव पिछले 9 माह से धूल चाट रहा है जान माल की सुरक्षा पर आज भी संकट बना हुआ है आमजन के लिए सीवर का गंदा पानी सड़कों, रास्तों, खाली भूखंडों में भरा हुआ है।

# भादरा एसडीएम ऑफिस का किया घेराव:किसानों पर लाठीचार्ज का विरोध, किसान संगठनों ने की न्यायिक जांच की मांग

द डेस्प्रिंग



**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी) ।** जिले के भादरा में सोमवार को अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी भादरा के आह्वान पर 10 अक्टूबर को डीएपी खाद लेने आए किसानों पर हुई लाठीचार्ज की घटना के विरोध में उपखंड कार्यालय भादरा का घेराव किया गया। किसानों पर हुई लाठीचार्ज के विरोध में उपखंड कार्यालय भादरा का घेराव किया गया। किसानों पर हुई लाठीचार्ज के विरोध में उपखंड कार्यालय भादरा का घेराव किया गया। किसान नेता व पूर्व विधायक बलवान पूनिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान किसान भवन भादरा में एकत्र हुए। वहां से रवि आजाद के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में उपखंड कार्यालय पहुंचे। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच थोड़ी तनातनी भी हुई। किसानों ने उपखंड कार्यालय के आगे की बेरिकेडिंग हटाकर अंदर प्रवेश कर लिया और वहीं सभा शुरू की।पूर्व विधायक बलवान पूनिया ने कहा कि किसानों पर लाठीचार्ज को किसान सभा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। किसानों पर पड़ी हर लाठी का हिसाब लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इलाके में अधिक बारिश के कारण खरीफ की फसलें नष्ट हो चुकी हैं और अब किसान रबी फसल की तैयारी में जुटे हैं। इसके लिए डीएपी खाद की आवश्यकता थी, लेकिन प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराई जा सकी।पूनिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस लाठीचार्ज की न्यायिक जांच शीघ्र नहीं कराई गई, तो आगामी 17 अक्टूबर को अखिल भारतीय किसान सभा पूरे हनुमानगढ़ जिले में उपखंड कार्यालयों पर प्रदर्शन करेगी। सभा को हरियाणा के किसान नेता रवि आजाद ने संबोधित करते हुए कहा कि आज भी देश का अन्नदाता खाद के लिए लाइन में लगने को मजबूर हैं और ऊपर से उस पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि किसान अकेला नहीं है, संयुक्त किसान मोर्चा उसके साथ खड़ा है। खाद से लेकर फसल की बुवाई और बिक्री तक की लड़ाई हम साथ मिलकर लड़ेंगे। सभा को पंचायत समिति उपप्रधान बलवान फगेड़िया, पूर्व बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट सुरजीत बिजारणिया, माकपा सचिव जेपी ढाका, हरियाणा से जिला परिषद सदस्य संदीप धिरणबास सहित कई नेताओं ने भी संबोधित किया। सभा के बाद किसानों ने पूर्व विधायक बलवान पूनिया के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी भादरा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 10 अक्टूबर को किसानों पर हुए लाठीचार्ज की न्यायिक जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने, किसानों को उनकी मांग के अनुसार डीएपी और यूरिया खाद बिना किसी अतिरिक्त उत्पाद के उपलब्ध करवाने, भादरा तहसील समेत पूरे जिले में खाद की आपूर्ति की जानकारी सार्वजनिक करने तथा जिलेभर में खाद-बीज की दुकानों और गोदामों पर स्टॉक की मात्रा व क्षमता का बोर्ड लगाने की मांग की गई।उपखंड अधिकारी भागीरथ राव और किसान नेताओं के बीच करीब आधे घंटे वार्ता चली। इस दौरान पूनिया ने कहा कि व्यवस्था बिगाड़ने में टोकन वितरण से जुड़े निजी व्यक्ति बलवान बेनीवाल का हाथ था, जो टोकन प्रक्रिया में मनमानी कर रहा था और वहां अनुचित रूप से बैठा था।

# नवीन आपराधिक कानूनों के सम्बन्ध में जयपुर में आयोजित केन्द्रीय गृहमंत्री माननीय अमित शाह जी के कार्यक्रम में वर्चुअली जिले से बड़ी संख्या पुलिसकर्मी, आमजन, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, ष्टस्त्र सदस्यस ग्राम रक्षक एवं गणमान्य नागरिकों ने जुड़कर निभाई भागीदारी

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग




जयपुर में केन्द्रीय गृहमंत्री माननीय अमित शाह जी के करकमलों से राजस्थान पुलिस द्वारा नवीन आपराधिक कानूनों के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में नवीन आपराधिक कानूनों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 13 से 18 अक्टूबर तक JECC सीतापुरा, जयपुर में न्याय के नए युग की शुरु हुए प्रदर्शनी कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री विकास सांगवान के निर्देशन में जिले से बड़ी संख्या में वर्चुअली कार्यक्रम में भागीदारी निभाई गई। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ मुख्यालय बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन में जिला स्तर पर पुलिस लाइन सभागार, कलेक्ट्रेट व? जिला परिषद के साथ ही जिले के सभी थानों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कर जिले से बड़ी संख्या पुलिसकर्मी, आमजन, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, ष्टस्त्र सदस्यस ग्राम रक्षक एवं गणमान्य नागरिक वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम में नाट्य रूपांतरण के माध्यम से नए कानूनों की सरल व रोचक जानकारी दी गई। जिला स्तर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिकाऊ श्री हवा सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने पुलिस लाइन, कलेक्ट्रेट व जिला परिषद सभागार में पुलिसकर्मियों, आमजन, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, ष्टस्त्र सदस्य, ग्राम रक्षक एवं अन्य गणमान्य नागरिक वर्चुअल माध्यम से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बनें। इसके साथ ही जिले के सभी पुलिस थानों में थानाधिकारी, पुलिस कर्मचारी एवं अधिकारी, आमजन, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, ष्टस्त्र सदस्य, ग्राम रक्षक एवं अन्य गणमान्य नागरिक अपने निकटतम पुलिस थाने पर पहुंचकर वर्चुअल माध्यम से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बनें। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से सभी को अपने नवीन अधिकारों को जानने, न्यायिक प्रक्रिया में बदलावों को समझने और एक सशक्त एवं जागरूक समाज के निर्माण में सहभागी बनने का अवसर मिला है। अब कानून का मकसद सिर्फ सजा नहीं, सुधार और सुरक्षा भी है। नवीन आपराधिक कानून भारत के हर नागरिक के सम्मान और अधिकार की रक्षा का वादा हैं।

# यातायात पुलिस ने निकाली सड़क सुरक्षा नियमों की जागरूकता रैली

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग




सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिला यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों की यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इंदिरा गांधी स्टेडियम से पुलिस उपाधीक्षक मुनेश मीना ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया । उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक की दिशा निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन कराये जा रहे हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि जब तक वह 18 वर्ष की आयु पूर्ण न कर लें तब तक वाहन ना चलाएं और अपने अभिभावकों को भी यातायात नियमों के प्रति सजग और जागरूक करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला पुलिस द्वारा आयोजन कराया जा रहे हैं। इस अवसर पर यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य भावी पीढ़ी को यातायात नियमों के प्रति सजग करना है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा जयंती को लेकर विद्यालय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है । वाहन चालकों के साथ समझाइश की जा रही है तथा उन्हें यातायात नियमों के लिए प्रेरित किया जा रहा है । विभाग द्वारा रैली में जिला फुटबाल संघ जिला हॉकी संघ व जिला बैडमिंटन व क्रिकेट के खिलाड़ियों ने भागीदारी निभाई ।


# संपादकीय

## अब भी बाकी है मतदाता सूची से जुड़े सवाल...!

बिहार में विधानसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है, लेकिन अब भी मतदाता सूची से जुड़े सवालों के संतोषजनक जवाब सामने नहीं आ सके हैं। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट को इस संबंध में निर्वाचन आयोग को निर्देश जारी करने की जरूरत पड़ रही है। हालांकि अदालत की ओर से दिए गए निर्देश आयोग के अपने दायित्व में शामिल होने चाहिए थे। हाल ही में निर्वाचन आयोग ने गहन पुनरीक्षण की कवायद के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी की थी। अब उसमें बाहर किए गए मतदाताओं की संख्या और उनके अधिकारों को लेकर फिर से सवाल उठे हैं।

सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने साफ कहा कि अंतिम मतदाता सूची से जिन तीन लाख छियासठ हजार लोगों के नाम हटाए गए हैं, उन सबको अपील करने का उचित अवसर दिया जाए। अदालत के मुताबिक, प्रभावित लोगों के पास सिर्फ एक पंक्ति का कोई जटिल आदेश नहीं, बल्कि विस्तृत ब्योरा होना चाहिए कि उनके नाम क्यों शामिल नहीं किए गए।

देश में बहुत सारे लोगों के लिए सरकारी आदेशों की जटिल भाषा समझना कोई आसान काम नहीं है। सिर्फ इस वजह से कितने लोग अपने वाजिब और कानूनी अधिकारों से वंचित हो जाते हैं, यह शोध का विषय है। ऐसे में जब चुनाव के दिन अब बहुत कम रह गए हैं, निर्वाचन आयोग की ओर से आम लोगों को किसी ऐसी भाषा में आदेश दिया जाता है, जो उनकी स्थिति की सटीक और आसान व्याख्या नहीं करता है या वे उससे संतुष्ट नहीं होते हैं, तो उन्हें समझने के लिए आयोग ने क्या व्यवस्था की है।



यों भी, अगर किसी व्यक्ति को यह जानकारी नहीं है कि उसका नाम मतदाता सूची से क्यों हटाया गया, तो इस मसले का हल नहीं निकल सकता। फिर अंतिम सूची से हटाए गए वैसे बहुत सारे लोग हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति या फिर जागरूकता का स्तर यह नहीं है कि वे कानूनी सहायता लेकर अपनी मुश्किल को दूर करने की कोशिश करें। शायद इसी को ध्यान में रखते हुए शीर्ष अदालत ने बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से अपने जिला स्तरीय निकायों को यह निर्देश जारी करने को कहा कि वे मतदाता सूची से बाहर किए गए सभी मतदाताओं को निर्वाचन आयोग में अपील दायर करने के लिए मुफ्त कानूनी सहायता करें।

विडंबना यह है कि मतदाता सूची में सिर्फ पात्र और वैध मतदाताओं का नाम बने रहने की जिस कवायद को पूरी तरह विवादरहित होना चाहिए था, वह कई तरह के आरोपों में घिरी दिखती है और एक तरह से यह राजनीतिक मुद्दा बन गई। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में विदेशियों के होने का भी मुद्दा उठा था। अब अंतिम सूची जारी होने के बाद निर्वाचन आयोग से अगर यह पूछा जा रहा है कि कितने विदेशी लोग पाए गए, तो यह अप्रत्याशित नहीं है।

इसके अलावा, अब भी एक ही पते पर कई-कई मतदाताओं के नाम दर्ज होने से लेकर गलत मकान नंबर, अस्पष्ट नाम आदि प्रविष्टियों में गंभीर चूक को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में यह सोचने की जरूरत है कि मतदाता सूची के पूरी तरह शुद्धिकरण के दावे के साथ निर्वाचन आयोग ने गहन पुनरीक्षण की जो कवायद की, उसका हासिल क्या रहा है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि मतदाता सूची में बने रहने के लिए निर्वाचन आयोग ने जिस तरह आधार कार्ड को अमान्य कर दिया था, अगर सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से उसे एक स्वीकार्य दस्तावेज नहीं बताया गया होता, तो कितने और लोग मतदाता सूची से बाहर होते।

## दुनिया को मिला शांति का संदेश



वेनेजुएला में विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का एलान न केवल शांति के पक्ष में उनके दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, बल्कि महिला सशक्तीकरण की दृष्टि से भी इसे एक मिसाल के तौर पर देखा जा रहा है। शांति का अर्थ व्यापक है, इसमें संघर्ष और हिंसा से दूर रहना, समाज में सद्भाव एवं समानता, मानवाधिकारों की रक्षा, समृद्धि और न्याय जैसे तत्त्व भी शामिल होते हैं। मचाडो को अपने देश में लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और विपक्ष को एकजुट कर संपूर्ण व्यवस्था में सुधार लाने के वास्ते शांतिपूर्ण प्रयासों के लिए यह पुरस्कार मिला है। उन्हें एक ऐसी शख्सियत के तौर पर देखा जा रहा है, जिन्होंने तमाम मुश्किलों और बाधाओं को अपने साहस एवं जज्बे से मात देकर शांति की राह पर आगे बढ़ने की सीख दी है। उन्हें एक ऐसी महिला के रूप में भी मान्यता मिली है, जो व्यवस्थागत अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ जलाए रखने में सक्षम हैं। इससे पहले उन्हें यूरोपीय संघ के सर्वोच्च मानवाधिकार पुरस्कार 'सखारोव' से भी सम्मानित किया जा चुका है। मारिया मचाडो वेनेजुएला में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार थीं, लेकिन चुनाव प्रक्रिया के दौरान उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। इससे पहले उन्होंने गहन तौर पर विभाजित रहे विपक्ष को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने एक ऐसा विपक्ष खड़ा किया, जिसने स्वतंत्र चुनाव और प्रतिनिधि सरकार की मांग को समान रूप से उठाया। बाद में उन पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए गए। उनकी जान को गंभीर खतरा था, इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और वे शांतिपूर्ण तरीके से लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहीं। यह सच है कि किसी भी पुरस्कार का असली हकदार वही होता है, जिनके अभूतपूर्व कार्यों और उनके प्रभाव की तस्वीर धरातल पर साफ नजर आती हो। सिर्फ दावों का डंका बजाकर किसी समाज, राष्ट्र या दुनिया में धारणा का एक अस्थिर ढांचा खड़ा करने की कोशिश करने वालों की सच्चाई छिप नहीं पाती है। मचाडो को मिला यह प्रतिष्ठित पुरस्कार वास्तव में महिलाओं को हर परिस्थिति में संघर्ष करते रहने की प्रेरणा भी देता है।

## आज का कार्टून




## देश-दुनिया की निगाहे माइनिंग सेक्टर तो एग्रेसिव मोड पर राजस्थान

> खनिज क्षेत्र से जुड़े 7 प्रमुख सेक्टरों में से पहले एक्सप्लोरेशन व ऑक्शन का बनाया गया है। इस दल द्वारां कोमोडिटी, मिनरल ग्रेड, खनन के प्रकार सहित विभिन्न बिन्दुओं पर कार्य करेगी। यह दल जीएसआई सहित तकनीकी विशेषज्ञों से समन्वय बनाते हुए एक्सप्लोरेशन से ऑक्शन आदि संबंधित कार्यों को और अधिक प्रभावी गति दी जा सकेगी। इसी तरह से ऑक्शन किये गये माइनर और मिनरल ब्लॉकों को जल्द से जल्द परिचालन में लाने के लिए संबंधित स्टेक होल्डर्स व खान विभाग सहित संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुए आवश्यक अनुमतियां दिलाने में सहयोग के साथ ही शीघ्र परिचालन में लाने का कार्य करेगी। विभाग का जोर खनन क्षेत्र में राजस्व बढ़ाने और राजस्व में किसी भी तरह की छीजत को रोकना भी है और इसके लिए एक दल को मोनेटरिंग सहित आवश्यक सभी जिम्मेदारियां दी गई है।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट से एक बात साफ हो जानी चाहिए कि आज अमेरिका ही नहीं दुनिया के अन्य देशों के लिए भी धरती के गर्भ में समाई खनिज संपदा महत्वपूर्ण हो गई है। अमेरिका चाहे यूक्रेन पर दबाव बना रहा हो या कनाड़ा को राज्य के रुप में घोषित कर अमेरिका में मिलाने की छटपटाहट हो या अन्य देशों की और भ्रकुटी तानने या मेल मिलाप के प्रयास हो सब कुछ इस खनिज संपदा को लेकर ही है। आज चाइना की मोनोपोली देखने को मिल रही है उसका बड़ा कारण भी उसके पास रेयर अर्थ एलिमेंट सहित आज के बदलते युग की मांग को पूरी करने वाली पुरासंपदा के अथाह भण्डार के कारण ही है। ऐसे में वैसे तो दुनिया के देश खनि संपदा को लेकर गंभीर है वहीं हमारे देश में भी केन्द्र और राज्य सरकारें खनिज खोज, खनन और खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की कमर कस ली है। ऐसे में राजस्थान सरकार भी माइनिंग सेक्टर प्रोएक्टिव भूमिका निभाते हुए आगे आया है। वर्तमान सरकार खासतौर से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को खनन क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। राजस्थान की सरकार द्वारा योजनाबद्ध प्रयासों के तहत प्रदेश में खनिज से जुड़े सभी पहलूओं के योजनावद्ध क्रियान्वयन, समन्वय, प्रबंधन, प्रभावी मोनेटरिंग, एक्सप्लोरेशन, राजस्व, निवेश एवं रोजगार बढ़ोतरी, सस्टेनेबल माइनिंग, माइनिंग सेक्टर में देश दुनिया में हो रहे नवाचार और नवीनतम तकनीक और उसके प्रदेश में उपयोग सहित विभिन्न बिन्दुओं को लेकर विभाग द्वारा उच्चस्तरीय परियोजना मोनेटरिंग इकाई (पीएमयू) का गठन किया है। माना जा रहा है कि प्रदेश में क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक खनिजों के साथ ही प्रधान व अप्रधान खनिजों के विपुल भण्डारों को देखते हुए पीएमयू के गठन से खनिज क्षेत्र को और अधिक गतिशील बनाया जाएगा। इससे खानें जल्दी परिचालन आने के साथ ही निवेश एवं रोजगार के अवसर बढेंगे। वैसे भी आने वाले समय में माइनिंग सेक्टर की भूमिका में बड़ा बदलाव आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रप्रति ट्रॅप की छटपटाहट से इसे आसानी से समझा जा सकता है।

अमेरिका कभी कनाडा को अमेरिका का राज्य ही बनाने में जुटा है तो यूक्रेन की खनिज संपदा अपने नाम करवाने या रुस पर दबाव बनाने के पीछे धरती के गर्भ में समाई खनिज संपदा ही है। खनिज संपदा पर आज दुनिया के देशों की नजर है। चीन के वर्चस्व का बड़ा कारण उसका आरईई सहित खनिज संपदा पर एकाधिकार ही है और आज चीन के इस वर्चस्व को कम करने में ही जुटे हुए हैं। खैर यह विषयांतर होगा पर एक बात साफ है कि माइनिंग सेक्टर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में तेजी से काम होने लगा है और राजथान ऑक्शन सहित रेवेन्यू अर्जन विकास दर आदि में अव्वल हो गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा माइनिंग सेक्टर में विपुल



संभावनाओं को देखते हुए राजस्थान के माइनिंग सेक्टर को देश में अग्रणी राज्य बनाने पर जोर देते रहे हैं। नई खनिज नीति, एम-सेण्ड नीति, रिप्स में सहायता प्रावधान, एमनेस्टी योजना सहित प्रक्रिया के सरलीकरण और खनन क्षेत्र विकास के महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। पीएमयू के गठन के साथ ही खनन क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख गतिविधियों को 7 सेक्टरों में चिन्हित किया गया है।

प्रमुख सचिव माइन्स टी रविकान्त का मानना है कि सभी क्षेत्रों में समन्वित व तेजी से विकास के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जोड़ते हुए पीएमयू का गठन किया गया है जिससे योजनावद्ध तरीके से तेजी से आगे बढ़ा जा सके। एक्सप्लोरेशन, ऑक्शन, शीध्र परिचालन, रिसर्च एवं डव्लपमेंट, जीरो लॉस माइनिंग, इकोटूरिज्म की संभावनाओं, पेपरलेस सहित विभिन्न गतिविधियों का समावेश किया गया है। विभाग के वरिष्ठ व विशेषज्ञ अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

खनिज क्षेत्र से जुड़े 7 प्रमुख सेक्टरों में से पहले एक्सप्लोरेशन व ऑक्शन का बनाया गया है। इस दल द्वारां कोमोडिटी, मिनरल ग्रेड, खनन के प्रकार सहित विभिन्न बिन्दुओं पर कार्य करेगी। यह दल जीएसआई सहित तकनीकी विशेषज्ञों से समन्वय बनाते हुए एक्सप्लोरेशन से ऑक्शन आदि संबंधित कार्यों को और अधिक प्रभावी गति दी जा सकेगी। इसी तरह से ऑक्शन किये गये माइनर और मिनरल ब्लॉकों को जल्द से जल्द परिचालन में लाने के लिए संबंधित स्टेक होल्डर्स व खान विभाग सहित संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुए आवश्यक अनुमतियां दिलाने में सहयोग के साथ ही शीघ्र परिचालन में लाने का कार्य करेगी। विभाग का जोर खनन क्षेत्र में राजस्व बढ़ाने और राजस्व में किसी भी तरह की छीजत को रोकना भी है और इसके लिए एक दल को मोनेटरिंग सहित आवश्यक सभी जिम्मेदारियां दी गई है। डीएमएफटी के कार्य को गति देने और राशि के बेहतर उपयोग की मोनेटरिंग की जिम्मेदारी सौंपते हुए डीएमएफटी फण्ड के अन्य प्रदेशों में उपयोग को लेकर अध्ययन सहित योजना, क्रियान्वयन व मोनेटरिंग का फ्रेमवर्क तैयार करने को कहा गया है। राज्य सरकार का सस्टेनेबल माइनिंग पर जोर रहने के साथ ही बदलते परिवेश में यह आवश्यक भी हो गया है। सस्टेनेबल माइनिंग और ऑटोमेशन और तकनीक सेक्टर दल द्वारा स्टार रेंटिंग, बंद व कार्य नहीं कर रही खानों में इको टूरिज्म की संभावनाओं व क्रियान्वयन, डम्प ओवरवर्डन आदि के रिसाइक्लिनिंग व उपयोग, श्रेष्ठ कार्य करने वाली खानों को प्रोत्साहित करने के साथ ही विभागीय सिस्टम को नई तकनीक से जोड़ने और पेपरलेस करने की दिशा में कार्य दिया गया है। इसी तरह से खनिज क्षेत्र में शोध एवं विकास को बढ़ावा देने, अधिकारियों के रिओरियेंटेशन, खनन क्षेत्र से जुड़े स्टेक होल्डर्स व विभाग के बीच साझा मंच उपलब्ध कराने, देश दुनिया में तकनीक में आ रही बदलाव से रुबरु कराने सहित इस तरह के कार्यो के लिए कॉन्क्लेव, सेमिनार, संगोष्ठियां, प्रशिक्षण कार्यक्रम की रुपरेखा व आयोजन का कार्य किया जाएगा। राज्य सरकार ने पीएमयू गठित कर जिम्मेदारी तय करने के साथ ही सरकार की ईच्छा शक्ति स्पष्ट कर दी है। अब पीएमयू टीम को जी जान से जुटते हुए माइनिंग के सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनाने के लिए जुट जाना होगा।

माइनिंग सेक्टर आज देश दुनिया में महत्वपूर्ण सेक्टर हो गया है। ऐसे में राजस्थान सरकार द्वारा प्रोएक्टिव रोल अपनाने की पहल निश्चित रुप से समय की मांग के अनुकूल है। केन्द्र सरकार भी गंभीर है और क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक खनिजों की नीलामी का काम तो केन्द्र सरकार ने अपने हाथों में ले लिया है। इसी तरह से केन्द्र सरकार ने मोनेटरिंग सिस्टम को मजबूत करने के साथ ही प्रोत्साहन के रुप में परफोरमेंस के आधार पर खानों की रेटिंग कर पुरस्कृत करने की पहल की है जिससे स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा को माहौल बना है। राजस्थान सरकार ने भी रेटिंग सिस्टम अरंभ करने की पहल की है।

## अमेरिका-चीन ट्रेड वार से दुनिया सकते में...

> दूसरे युद्धों को खत्म कराने का दावा कर रहे डोनाल्ड ट्रंप ने अब एक नया आर्थिक युद्ध छेड़ दिया है और यह युद्ध बंदूकों का नहीं, बल्कि टैरिफ और दुर्लभ खनिजों का है। अमेरिका और चीन के बीच यह नया टैरिफ संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वैसा ही झटका है, जैसा 2018-19 के व्यापार युद्ध के समय देखा गया था। ट्रंप ने घोषणा की है कि 1 नवंबर से चीन से आने वाले सभी सामानों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा और 卐महत्त्वपूर्ण सॉफ्टवेयर卐 के निर्यात पर नई पाबंदियाँ लगेंगी।

**नीरज कुमार दुबे**

यह फैसला चीन के उस कदम के जवाब में आया है, जिसमें उसने दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर नए नियंत्रण लगाए हैं। हम आपको बता दें कि यह खनिज इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा और इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में अनिवार्य हैं। बीजिंग दुनिया में इन खनिजों के 90 प्रतिशत से अधिक परिशोधन पर नियंत्रण रखता है। ट्रंप ने चीन के इस कदम को होस्टिले आर्डर यानी शत्रुतापूर्ण आदेश बताया और कहा कि बीजिंग पूरी दुनिया को बंधक बनाने की कोशिश कर रहा है। इस नई आर्थिक जंग की घोषणा के साथ ही वैश्विक बाजारों में हड़कंप मच गया। अमेरिका का एस एंड पी 500 इंडेक्स 2.7 प्रतिशत गिर गया, नैस्डैक में भी तेज़ गिरावट आई, जबकि निवेशक सोने की शरण में भागे। डॉलर कमजोर पड़ा और वैश्विक निवेशकों में यह आशंका फैल गई कि वॉशिंगटन और बीजिंग के बीच 'टैरिफ युद्ध' फिर से भड़क उठा है। देखा जाये तो ट्रंप का यह फैसला केवल एक आर्थिक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि रणनीतिक चुनौती है। चीन ने जब दुर्लभ खनिजों पर नियंत्रण बढ़ाया, तो उसने न केवल अमेरिका, बल्कि पूरी दुनिया की औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया। इन खनिजों के बिना स्मार्टफोन, मिसाइल, सेमीकंडक्टर और बैटरी बनाना



असंभव है। इसलिए चीन का यह कदम भू-अर्थशास्त्र की उस रणनीति का हिस्सा है जिसमें वह अपनी प्राकृतिक संपदाओं को राजनैतिक दबाव के औजार के रूप में इस्तेमाल करता है।

ट्रंप की प्रतिक्रिया उतनी ही आक्रामक है जितनी अप्रत्याशित। यह कदम न केवल बीजिंग के लिए बल्कि अमेरिका के उद्योगों के लिए भी दोहरी चुनौती बनेगा- क्योंकि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएँ वर्षों से एक-दूसरे में गहराई से जुड़ी हुई हैं। लेकिन ट्रंप की प्राथमिकता फिलहाल राजनीतिक लाभ और मेड इन अमेरिका की घरेलू भावना को पुनर्जीवित करना है। उधर, चीन के लिए यह विकास चिंताजनक है। चीन की अर्थव्यवस्था पहले से धीमी वृद्धि, रियल एस्टेट संकट और घटती विदेशी मांग से जूझ रही है। ऐसे में अमेरिकी बाजार पर 100 प्रतिशत टैरिफ उसके निर्यात क्षेत्र को गंभीर चोट पहुंचाएगा। चीन अब अपने प्रभाव को अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के अन्य हिस्सों में बढ़ाने की कोशिश करेगा ताकि अमेरिकी दबाव को संतुलित किया जा सके। लेकिन ट्रंप के कदम का एक बड़ा असर यह होगा कि पश्चिमी कंपनियाँ चीन पर निर्भरता कम करने की दिशा में और तेज़ी से आगे बढ़ेंगी। एप्पल, टेस्ला और अन्य अमेरिकी कंपनियाँ पहले ही 'चाइना-प्लस-वन' रणनीति पर काम कर रही हैं। अब यह प्रवृत्ति और तेज होगी।

दूसरी ओर, भारत के लिए यह परिदृश्य संकट में अवसर की तरह है। यदि दुनिया चीन पर निर्भरता घटाना चाहती है, तो भारत एक स्वाभाविक विकल्प बन सकता है। अमेरिका और यूरोप दोनों ही ऐसे साझेदार की तलाश में हैं जो भरोसेमंद हो, राजनीतिक रूप से स्थिर हो, और तकनीकी दृष्टि से सक्षम हो। भारत के पास इस अवसर का लाभ उठाने के लिए तीन प्रमुख रास्ते हैं। पहला- भारत में भी कई दुर्लभ खनिजों के भंडार हैं, परंतु उनका परिशोधन ढांचा कमजोर है। यदि सरकार इस क्षेत्र में 'राष्ट्रीय रेयर अर्थ मिशन' जैसे कार्यक्रम को गति दे, तो भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी बन सकता है। दूसरा- ट्रंप की नीति से अमेरिकी कंपनियाँ चीन से हटकर भारत, वियतनाम और इंडोनेशिया की ओर रुख करेंगी। भारत यदि भूमि सुधार, बिजली लागत और लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार लाता है, तो यह निवेश आकर्षित कर सकता है। तीसरा- अमेरिका और जापान के साथ सेमीकंडक्टर और एआई अनुसंधान में सहयोग भारत को नई औद्योगिक शक्ति में बदल सकता है।

परंतु यह कहानी केवल अवसरों की नहीं है। ट्रंप के टैरिफ युद्ध से वैश्विक मंदी की संभावना बढ़ सकती है। अमेरिका और चीन दोनों भारत के प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं; किसी भी झटके से भारतीय निर्यात, आईटी सेवा और ऑटो उद्योग प्रभावित होंगे। इसके अलावा, यदि चीन दुर्लभ खनिजों के निर्यात को भारत तक सीमित करता है, तो भारत की बैटरी, मोबाइल और रक्षा विनिर्माण योजनाएँ बाधित हो सकती हैं। इसलिए भारत को केवल अवसर नहीं, बल्कि जोखिम प्रबंधन रणनीति भी तैयार करनी होगी।

देखा जाये तो अमेरिका-चीन टकराव वैश्विक शक्ति-संतुलन को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। यह अब केवल व्यापार की लड़ाई नहीं, बल्कि प्रौद्योगिकी, संसाधन और प्रभाव क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा बन चुका है। आने वाले वर्षों में यह संघर्ष तय करेगा कि दुनिया का औद्योगिक केंद्र एशिया में कहाँ स्थिर होगा- चीन में या उसके बाहर। भारत के पास यह अवसर है कि वह इस नए वैश्विक भूगोल में 'सप्लाई चेन रेजिलियंस' का नेतृत्व करे। इसके लिए उसे खनिज नीति, औद्योगिक निवेश और तकनीकी अनुसंधान में साहसिक कदम उठाने होंगे। कुल मिलाकर देखें तो ट्रंप का यह 'टैरिफ बम' वैश्विक व्यापार में अस्थिरता का विस्फोट है। लेकिन इसके भीतर भारत के लिए एक रणनीतिक अवसर छिपा है। यदि भारत इस चुनौती को दूरदृष्टि और नीति-संवेदनशीलता के साथ संभाले, तो वह न केवल इस तूफान से सुरक्षित निकल सकता है बल्कि इस नए वैश्विक आर्थिक युग में आत्मनिर्भर और निर्णायक शक्ति के रूप में उभर सकता है।

बहरहाल, ट्रंप ने भले ही दूसरे युद्धों को खत्म करने का दावा किया हो, परंतु उनका यह नया आर्थिक युद्ध आने वाले दशक का सबसे बड़ा वैश्विक शक्ति परीक्षण साबित हो सकता है- जिसमें भारत का प्रदर्शन यह तय करेगा कि वह केवल दर्शक रहेगा या इस नये आर्थिक युद्ध का विजेता।

# गंगापुर सिटी नगर परिषद में करोड़ों रूपयों की,कबाड़ होती गाड़ियों के जिम्मेदारों को नोटिस जारी , राजा भईया की मेहनत रंग लाई , सतर्कता जांच शुरू,

द डेस्प्रिंग





**गंगापुर सिटी/ सवाई माधोपुर।** जिले की तहसील गंगापुर सिटी नगर परिषद की पार्किंग में जनता की गाढ़ी कमाई से खरीदी गई ऑटोमैटिक सफ़ाई की कई गाड़ियां महीनों से खड़ी कबाड़ होकर धूल फांक रही थीं, जिसकी शिकायत हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने जिला कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को पिछले दिनों की थीं कोई कार्यवाही ना होते देख उन्होंने डीएलबी के शासन सचिव को फोटो एवं तथ्यों सहित पुनः शिकायतें दर्ज कराई थी जिस पर उनके आदेश से नगर परिषद गंगापुर सिटी के आयुक्त को तत्काल संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के आदेश डीएलबी निदेशक सतर्कता द्वारा दिए गए, वैसे तो राजा भईया की शिकायत में स्वयं नगर आयुक्त भी आरोपी हैं परन्तु शिकायत की गंभीरता को देखते हुऐ और अपना पल्ला झाड़ते हुऐ तत्कालीन नगर आयुक्त ने नगर परिषद के संबंधित जिम्मेदार दो अधिकारियों राहुल कौशल कनिष्ठ सहायक स्टोर शाखा प्रभारी एवं पिंटूराम मीणा स्वस्थ निरीक्षक, गैराज शाखा प्रभारी को उपरोक्त बाबत नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है और तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है साथ ही दोषी पाए जाने पर एक तरफा कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी है, नोटिस की प्रति पत्रकारों को देते हुऐ एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने बताया कि नगर परिषद गंगापुर सिटी के संबंधित कर्मचारियों और स्वयं नगर आयुक्त की लापरवाही तथा गैर जिम्मेदाराना कार्य से जनता की टैक्स द्वारा दी मेहनत की कमाई और सरकार के राजस्व से ये ऑटोमैटिक सफ़ाई की गाड़ियां शहर की सफ़ाई व्यवस्था के लिए खरीदी गई थीं जिनकी कीमत कई करोड़ों में है परन्तु पहले दिन से ही ये सभी गाड़ियां श्री खाटू श्याम मंदिर के पास बनी नगर परिषद गंगापुर सिटी की पार्किंग में खड़ी धूल फांकते हुऐ कबाड़ हो रही हैं इनके टायर और रिम तक आधे से ज्यादा खड़े खड़े जमीन में धंस कर सड़ गए है इनके ऊपर पेड़ और झाड़ियां उग चुकी हैं तमाम पुर्जे वे जान हो चुके हैं परन्तु जिम्मेदार कर्मचारियों का इन पर कोई ध्यान नहीं है जानकार सूत्रों की माने तो इन ऑटोमैटिक गाड़ियों को चलाने के लिए नगर परिषद में एक्सपर्ट ड्राईवर तक मौजूद नहीं है, राजा भईया द्वारा जनहित में लड़ी ये लड़ाई देर से ही सही पर अब रंग लाने लगी है ये तो अब आने वाला वक्त ही बताएगा कि इस लापरवाही और नुकसान के लिए नगर परिषद के किस किस अधिकारी पर और क्या क्या कार्यवाही होगी, फिलहाल इस सतर्कता जांच से पूरे नगर परिषद में हड़कंप मचा हुआ है। ------ जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दुस्तान शिवसेना मो न- 9811371054=9818951279

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए कार्यकर्ताओ से फीडबैक सिर्फ खानापूर्ति

द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** राजस्थान मे कांग्रेस पार्टी लगातार सत्ता से वंचित रहने की वजह प्रदेश संगठन रहा है। प्रदेश मे सत्ता हित के लिए संगटन सिर्फ भाई भतीजावाद से बाहर नहीं निकला। प्रदेश मे गहलोत ने संगटन और प्रभारी को अपनी ग्रिप से बाहर निकलने ही नहीं दिया। पूर्व अध्यक्ष चंद्रभान हो या डोटासरा सिर्फ ग्रिप मे रखा गया ताकी अपनी झांकी ही शीर्ष नेतृत्व को दिखे। प्रदेश मे संगटन से कार्यकर्ता नाराज और उपेक्षित है लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं। आपको ढोकना उन्ही को है जो सालो से सत्ता की मलाई खा रहे है। राजस्थान मे कांग्रेस जिलाध्यक्ष की क्वायद चल रही है प्रभारी कार्यकर्ताओ से फीडबेक ले रहे है। यह सिर्फ खानापूर्ति कर कार्यकर्ताओ को खुश करना है या दिखाने की कोशिश है कांग्रेस कार्यकर्ताओ को साथ लेकर चलती है। राजनितिक जानकार इसे सिर्फ खानापूर्ति बता रहे है।बून्दी मे जिलाध्यक्ष को लेकर पार्टी फीडबैक ले रही है। जबकी सूत्रों और विश्लेषक का मानना है हिण्डोली से दिनेश शर्मा दौड़ मे आगे है वह सत्येश शर्मा के नाम पर भी मोहर लग सकती है। सत्येश विधायक हरी मोहन शर्मा के पुत्र है दिनेश शर्मा चांदना गुट से अब आम कार्यकर्ता कहा पर है। अल्पसंख्यक से भी जिलाध्यक्ष के लिए अल्पसंख्यक ने मांग की है।सालो से कांग्रेस पार्टी की सेवा कर रहे है। बून्दी जिले का पार्टी का इतिहास रहा अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष नहीं बनाया गया। बून्दी की विधानसभा सीट पर टिकट दिया कांग्रेस मे दोयम दर्जे पर अल्पसंख्यक को रखकर सिर्फ उनसे वोट लिए है। अल्पसंख्यक अब पार्टी मीटिंग व चुनाव से दुरी बना रहे है। शीर्ष नेतृत्व अपने सेमीनार मे मुस्लिम व महिला को राजनितिक पदों पर आरक्षण की बात करता हो लेकिन धरातल पर उसे मोहरा बनाया जा रहा है हाड़ोती मे 39 ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति हुई थी उसमे संगटन को एक मुस्लिम चेहरा नहीं मिला।जब प्रदेश लीडर को पार्टी अपने अनुसार चलानी है तो कार्यकर्ताओ को सपने दिखाने की कहा जरूरत। यही वजह है पूर्व चुनाव मे उम्मीद के बाद भी मंत्री तक हवा मे उड़ गए। कुछ मुस्लिम बाहुल्य से धारीवाल गहलोत अन्य जीत कर आ गए। प्रदेश संगटन को अपने रुख मे बदलाव लाना होगा। सबको साथ लेकर चलना होगा जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को भी प्रमोट करना होगा। संगटन ही सफलता की दिशा है दिशाहीन को मंजिल नहीं मिलती। शीर्ष नेतृत्व को कमान संभालनी चाहिए पारदर्शिता से नियुक्ति करे।

# झोटवाड़ा विधायक व मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह को जनसमस्याओं का ज्ञापन सौंपा

द डेस्प्रिंग



**झोटवाड़ा ।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक व केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ से मुलाकात कर झोटवाड़ा जन संघर्ष मोर्चा ने जनसमस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा । मोर्चा के अध्यक्ष आनन्द राठौड़ ने बताया कि मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ से मुलाकात कर झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगिण विकास के लिए कालवाड़ रोड़, सिरसी रोड़, निवारू रोड़, धाबास रोड़ का अतिक्रमण हटाकर निर्माण करने एवं सेक्टर सड़कों का डिमार्केशन करवाकर निर्माण करवाऐ जाने की मांग की । झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में नवसृजित कॉलोनियों में ड्रैनेज सिस्टम, सीवर लाईन, सड़क निर्माण, रोड़ लाइट, पेयजल व्यवस्था, पार्को का विकास करवाने के लिए विस्तृती योजना बनाने की मांग की । कर्नल राठौड़ ने मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि आगामी कुछ महीनों में कालवाड़ रोड़ पर अतिक्रमण हटाकर ड्रैनेज का निर्माण करवाया जाऐगा उसके बाद सड़क का निर्माण किया जायेगा । अभी आमजन को बरसात से टूट्टी सड़कों से राहत देने के लिए पेच वर्क किया जा रहा है जिससे यातायात सुगम हो सके । कर्नल राठौड़ ने कहा कि झोटवाड़ा क्षेत्र का विकास जनभावनाओं अनुरूप किया जाऐगा सभी कॉलोनियों की जरूरत अनुसार स्थानीय निवासियों की भावनाओ को ध्यान में रख कर विकास करवाने का प्रयास किया जाऐगा । क्षेत्र की सभी कॉलोनियो में सड़क, सीवर लाईन, रोड़ लाइट, पार्कों का विकास आदि सभी मूलभुत सुविधाओं का विकास किया जाऐगा जिसके लिए जेडीए अधिकारीयों से लगातार मिटिंगस हो रही हैं व आमजन से आ रहे फीडबैक के आधार पर विकास की योजनाऐ बनाई जा रही हैं जो आगामी कुछ दिनों मे धरातल पर दिखने लगेगी । मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों ने झोटवाड़ा के विकास के लिए अपने सुझाव दिऐ मंत्री राठौड़ ने सभी को सकारात्मक भाव से सूना ओर कहां कि मुझे जनता ने मौका दिया है इसके लिए विकास व जन सेवा मे समर्पित भाव से काम करेंगे मामड़ोदा,कुमावत, अशोक कुमावत आदि साथ रहे ।

# भारत स्वरोजगार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष कपूर सिंह ने संभाली कमान, आत्मनिर्भर भारत का लिया संकल्प

द डेस्प्रिंग



**जयपुर।** भारत स्वरोजगार संघ के नव-नियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष कपूर सिंह ने रविवार को अपने पद की विधिवत शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.पी. स्वामी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।स्वामी ने इस मौके पर कहा कि संगठन का लक्ष्य देश के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने आशा जताई कि कपूर सिंह के नेतृत्व में संघ राजस्थान में और अधिक सशक्त रूप से कार्य करेगा। प्रांतीय अध्यक्ष कपूर सिंह ने कहा कि वे संघ के उद्देश्यों के अनुरूप पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए नई योजनाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। कार्यक्रम में संघ के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पत्नी और बच्चों को 15000 रुपया देने का आदेश

द डेस्प्रिंग



अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 5 जोधपुर महानगर में परिवादिया सुमित्रा बाला और नाबालिक पुत्री व पुत्र की ओर से अपने अधिवक्ता भवानीसिंह भलासरिया के मार्फत घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12, 18, 19, 20 , 22 और 23 के तहत पति जसवंत सिंह के विरुद्ध प्रार्थना पत्र पेश किया और न्यायालय को बताया कि वह अपने परिवार सहित नांदड़ी जोधपुर में निवास करती है पति द्वारा छोटी-छोटी बातों पर गाली गलौज मारपीट का घरेलू हिंसा करीत की जा रही है और पति द्वारा लगातार यह धमकाया जा रहा है कि पत्नी और बच्चो को घर से बाहर निकाल दूंगा परिवार के काफी लोगों द्वारा समझाइस करने के बावजूद भी पति के आचरण में कोई फर्क नहीं पड़ा दोनों की शादी वर्ष 2011 में हुई और दोनों के एक पुत्री जिसकी उम्र 13 वर्ष और एक पुत्र उम्र 11 वर्ष है पति द्वारा अपनी पत्नी के सोने चांदी के गहने और एचडी के पैसे भी हड़प्पा लिए सोना चांदी के गने करीबन 50 से, 70 तोला सोना और कीमत चांदी के आभूषण पति ने खुद-बुद्ध कर दिए और घरेलू हिंसा कारित की पति जसवंत सिंह मकान बनाने के ठेकेदार और बिल्डर है और प्रॉपर्टी का भी काम करते हैं पति द्वारा उपरोक्त मकान पर ऋण लिया हुआ है और उसकी ऋण की किस भी बाकी है बैंक द्वारा पैसे मांगने पर पत्नी के साथ मारपीट करते है और सोने चांदी के आभूषण भी बेचा दिया है और घर से गायब हो जाते हैं और प्रार्थियों को बार-बार धमकाया जा रहा है कि घर से बाहर निकाल दूंगा प्रार्थना ने माननीय न्यायालय से धारा 19 निवास आदेश के तहत प्रार्थना की की प्रार्थीया के पति ठेकेदारी का काम करते हैं और परिवादियां और नाबालिक बच्चों को उपरोक्त मकान से बाहर निकालने की धमकी दी जा रही है, परिवादिया के अधिवक्ता भवानीसिंह भलासरिया के तर्को को मानते हुए पत्नी बच्चों को प्लॉट संख्या 42 श्री राम नगर द्वितीय नांदड़ी जोधपुर में घर में निवास करने का आदेश दिया और निवास में किसी प्रकार की कोई बाधाकारी नहीं करने और शांतिपूर्ण तरीके से निवास करने के भी आदेश दिए और परिवादिया और उनके नाबालिक पुत्र , पुत्री को भरण पोषण 15000 रुपए देने के आदेश पारित किया और पांच माह के कुल 75000 रुपए एक मुस्त अदा करने के भी आदेश दिए

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सुरक्षा व स्वावलंबन का पाठ




द डेस्प्रिंग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली)** । मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के अंतर्गत दिनांक 13 अक्टूबर, 2025 को कोतवाली प्रेमनगर की उप निरीक्षक आरती चौधरी ने जिंगल बेल्स स्कूल, राजेंद्र नगर और बांके बिहारी मंदिर में बालिकाओं व महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। उप निरीक्षक आरती चौधरी के साथ महिला आरक्षी अलका व एकता ने भी महिलाओं व बालिकाओं को संबोधित किया। उप निरीक्षक आरती चौधरी ने महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे- विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आदि की विस्तृत जानकारी दी।

इसके अलावा, उन्होंने महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए उपलब्ध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया, जिनमें प्रमुख हैं
* वूमेन पावर लाइनः 1090
* महिला हेल्पलाइनः 181
* पुलिस आपातकालीन सेवाः 112
* चाइल्ड लाइनः 1098
* साइबर क्राइम हेल्प लाइनः 1930

अधिकारियों ने नशा मुक्ति भारत अभियान और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी प्रदान की, जिससे महिलाएं व बालिकाएं सशक्त और जागरूक बन सकें।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

# प्रेमनगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, अभियुक्त फिरासत जेल भेजा गया



द डेस्प्रिंग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली)** बरेली थाना प्रेमनगर पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 11 सितंबर 2025 को वादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि फिरासत पुत्र गुड्डू (करीब 20 वर्ष, निवासी दीदार पट्टी, थाना भोजीपुरा) ने उनकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता देखते हुए तत्काल मु0अ0सं0 0410/2025, धारा 65(1)/351(3)/333 बीएनएस व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, वांछित अभियुक्त फिरासत को 12 अक्टूबर 2025 को 00:30 बजे उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त को अग्रिम विधिक कार्यवाही के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में वरिष्ठ उप निरक्षक रामपाल सिंह, उप निरीक्षक अक्षय त्यागी, उप निरीक्षक शुभम सिंह, और कांस्टेबल विष्णु शामिल थे।

# माधव विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी संकाय द्वारा शोध कार्यशाला का सफल आयोजन

द डेस्प्रिंग







**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी संकाय में अधिष्ठाता डॉ. अरुणाचल रामचंद्र के नेतृत्व में शोध विषयक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर हिम्मत सिंह देवल, प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर तथा रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें नवीन वैज्ञानिक सोच की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यशाला का उद्देश्य फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में समकालीन शोध पद्धतियों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और व्यवहारिक अनुसंधान की समझ को सुदृढ़ करना था। अधिष्ठाता डॉ. अरुणाचल रामचंद्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि शोध किसी भी शिक्षा प्रणाली की आत्मा होता है। उन्होंने बताया कि फिजियोथेरेपी जैसे व्यावहारिक विज्ञान में अनुसंधान का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि यह विषय सीधे मानव स्वास्थ्य और जीवन गुणवत्ता से जुड़ा है। कार्यशाला में डॉ. आनंदन डी, डॉ. आनंद वी, डॉ. गिरीश बलधा, डॉ. वैभव दवे, डॉ. प्राची ओझा, डॉ. अदिति भारद्वाज तथा डॉ. हेमंत कुमार ने अपने-अपने विशेषज्ञ अनुभव साझा किए। उन्होंने प्रतिभागियों को शोध डिज़ाइन, आँकड़ा विश्लेषण और साक्ष्य-आधारित अभ्यास की नवीन विधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने उत्साहपूर्वक चर्चाओं में भाग लिया और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से अपनी समझ को और सशक्त बनाया। अंत में अधिष्ठाता डॉ. अरुणाचल रामचंद्र ने सभी विशेषज्ञों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ न केवल ज्ञानवर्धक होती हैं, बल्कि विद्यार्थियों में नवाचार और अनुसंधान की भावना को भी जागृत करती हैं।

# माधव विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

द डेस्प्रिंग





**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ निदेशक डॉ. संजीव सेठ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि इस कार्यशाला के माध्यम से कृषि एवं विकास विज्ञान की नवीनतम तकनीकों को सीखने और समझने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व कृषि क्षेत्र में भारत की नवीनता और अनुसंधान कार्यों से आशा लगाए हुए है।

**विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. धर्मचंद उपाध्याय ने कहा कि** नवीन तकनीकें आज के समय में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही हैं, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस) की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय है। शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता डॉ. जितेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि कृषि तकनीक आज के समय की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता है, जो देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है।

**विज्ञान संकाय के प्राध्यापक डॉ. जिगर सोनी ने कहा कि** नवीन तकनीकों की सहायता से हम आज वैश्विक चुनौतियों से संघर्ष कर पा रहे हैं। इन तकनीकों, पोषक तत्वों तथा विभिन्न पर्यावरणीय कारकों का इसमें महत्वपूर्ण योगदान है।

**कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. गीतम सिंह ने कहा कि** आज सम्पूर्ण विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या से जूझ रहा है। हमें इन परिवर्तनों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में होने वाले संभावित नुकसान से बचा जा सके।

**कार्यक्रम का संचालन विज्ञान संकाय की सहायक आचार्य डॉ. गीतिका सिंह ने किया।**

इस अवसर पर नर्सिंग संकाय के अधिष्ठाता डॉ. जितेंद्र कुमार पुजारी, अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. राजेंद्र कुमार बैरागी, डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. प्रीति महावर, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. शिखर देसाई, डॉ. विशाल कुमार चौधरी, डॉ. सपना जांगिड़, नर्सिंग ट्यूटर डॉ. कृष्णकांत, कैलाश परिहार, डॉ. अफसर अली, डॉ. रितेश कुमार यादव, डॉ. प्रमोद आमेटा, डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, डॉ. अरुण कुमार कुलश्रेष्ठ, डॉ. अरुण परिहार, डॉ. रोहताश कुमार, डॉ. पवन चौहान सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सनातन सेवा संगठन जयपुर द्वारा आयोजित : सनातन शक्ति स्नेह मिलन समारोह

द डेस्प्रिंग




**जयपुर ।** सनातन सेवा संगठन, जयपुर द्वारा हाल ही में सनातन शक्ति स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सनातन धर्म की मूलधाराओं को उजागर करना, सामाजिक जागरूकता बढ़ाना और मातृशक्ति को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की प्रस्तावना में *सहसंयोजक मुरारी शर्मा* ने उपस्थित जनसमुदाय को संगठन के समाज में किए जा रहे विविध कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए सनातन शक्ति स्नेह मिलन समारोह के आयोजन की रूपरेखा और महत्व बताया। मुख्य वक्ता, *राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख, विवेक गुप्ता जी*, ने अपने उद्बोधन में सनातन धर्म में किए जाने योग्य कार्यों, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और कुटुंब प्रबोधन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। *साध्वी समदर्शी गिरी दीदी जी* ने शस्त्र और शास्त्र के महत्व के साथ हिंदू समाज में वर्तमान में चल रही बुराइयों से निपटने के तरीकों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। *विशिष्ट अतिथि श्रीमती अर्चना शर्मा जी* ने भारतीय महिलाओं के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी, जिससे उपस्थित महिलाएं लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम में *परम पूज्य गौ ऋषि प्रकाश दास जी महाराज* ने देश के सैनिकों के सम्मान में सभी उपस्थितों से अपने मोबाइल टॉर्च जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करवाई। इसके साथ ही उन्होंने देशभक्ति और भगवान राम के भजनों के माध्यम से पूरे कार्यक्रम का वातावरण भक्तिमय बना दिया। *राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक आदरणीय शिव लहरी जी* ने संयुक्त परिवारों के महत्व और उससे होने वाले लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी संतों का सम्मान किया गया और अंत में *संयोजक कन्हैया लाल प्रधान* ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर *हिंदू जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक डॉ. महावीर सिंह जी बलवदा, प्रांत टोली सदस्य दीपक अग्रवाल और अमित सिंह चौहान* सहित आयोजन से जुड़ी पूरी टोली उपस्थित रही। समापन पर सभी उपस्थित जनमानस ने सामूहिक भोजन का आनंद लिया और एकजुटता तथा उत्साह का अनुभव किया।

इंडिया-वेस्टइंडीज टेस्टः

# कुलदीप यादव ने पांचवीं बार खोला पंजा

## बने दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने दिल्ली में दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार (12 अक्टूबर) को वेस्टइंडीज को पहली पारी में 248 रन पर आउट कर दिया। भारत के लिए बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 5 विकेट झटके। कुलदीप ने पांचवीं बार टेस्ट मैच की एक पारी में 5 विकेट लिए। इसके साथ ही उन्होंने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर के तौर पर टेस्ट में सबसे ज्यादा बार 5 विकेट लेने के रिकॉर्ड बराबरी कर ली। उनके अलावा इंग्लैंड के जॉनी वार्डले ने 5 बार ऐसा किया है। कुलदीप यादव का रिकॉर्ड जॉनी वार्डले से काफी बेहतर है। उन्होंने इंग्लैंड के स्पिनर के मुकाबले आधे टेस्ट में यह कारनामा कर दिया। वार्डले ने 28 टेस्ट में 5 बार पंजा खोला। वहीं कुलदीप ने केवल 15 टेस्ट में ऐसा कर दिया। साउथ अफ्रीका के पॉल एडम्स तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 45 टेस्ट में 4 बार पारी में 5 विकेट झटके।

### कुलदीप यादव ने वेस्टइंडीज के इन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा

वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में कुलदीप ने 26.5 ओवर में 82 रन देकर 5 विकेट झटके। कुलदीप ने पहला विकेट दूसरे दिन शनिवार (11 अक्टूबर) को लिया था। उन्होंने अलिक अथानाज को रविंद्र जडेजा के हाथों कैच कराया। उन्होंने 41 रन बनाए। कुलदीप ने तीसरे दिन पहले सत्र में साई होप 36 और टेविन इमलाच 21 को पवेलियन भेजा।

### कुलदीप यादव का टेस्ट करियर


इसके बाद कुलदीप ने जस्टिन ग्रीव्स को पवेलियन भेजा। उन्होंने 17 रन बनाए। उन्होंने पांचवां विकेट जायडन सील्स के तौर पर लिया। उन्होंने 13 रन बनाए। कुलदीप यादव ने टेस्ट में 15 मैच की 27 पारियों में 21.09 के औसत और 3.52 की इकॉनमी से 65 विकेट लिए हैं। 40 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।







## डब्ल्यूडब्ल्यूई रिंग में रोमन रेंस बन गए क्रिकेटर, कोहली के स्टाइल में लगाया शॉट डब्ल्यूडब्ल्यूई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट में फैन्स को दिलचस्प नजारा देखने को मिला है. सुपरस्टार रोमन रेंस ने विपक्षी रेसलर के खिलाफ क्रिकेट बैट का प्रयोग किया. रेंस ने ब्रॉनसन रीड पर बल्ले से जोरदार प्रहार करते हुए उन्हें रिंग से बाहर फेंक दिया. यह वाकया पर्थ में आयोजित डब्ल्यूडब्ल्यूई क्राउन ज्वेल चैम्पियनशिप 2025 में हुआ. रोमन रेंस के इस मूव को देखकर दर्शक हैरान रह गए. इस मूव ने कुछ फैन्स को विराट कोहली की याद दिला दी है. रेंस ने विराट कोहली की तरह ऐसे बल्ला चलाया, मानो वो गेंद पर कड़ा प्रहार करने जा रहे हों. रोमन रेंस का एग्रेसन और परफॉर्मेंस स्टाइल कोहली की तरह दिखा. कोहली मैदान पर अपने एग्रेसन और फाइटिंग स्पिरिट के लिए जाने जाते हैं. कुछ हफ्ते पहले ऑस्ट्रेलियाई स्ट्रीट फाइट में रोमन रेंस को रीड से हार का सामना करना पड़ा था. रीड ने अपने देश में खेले गए उस मैच में ब्रॉन ब्रेकर के साथ मिलकर रोमन रेंस पर लगातार हमला किया था. मैच में द शील्ड के क्लासिक पावरबॉम्ब मूव की झलक देखने को मिली, जब रेंस एनाउंस टेबल से टकराकर गिर गए थे. उस मैच के दौरान जे उसो अपने चचेरे भाई रोमन रेंस की मदद के लिए आए, लेकिन उनका स्पीयर गलती से रेंस को ही लग गया. इस मौके का फायदा उठाते हुए ब्रॉनसन रीड ने अपना फिनिशिंग मूव लगाया और रेंस को पिन करके हरा दिया था. यह जीत रीड के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक रही.




## राशिद ने लिए 5 विकेट

## अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को दूसरा वनडे 81 रन से हराया

● सीरीज अपने नाम की, इब्राहिम जादरान ने 95 रन बनाए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शनिवार को अबू धाबी में खेले गए दूसरे मुकाबले में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम ने 44.5 ओवर में 190 रन बनाए। जबाव में बांग्लादेश की टीम 28.3 ओवर में 109 रन पर ऑलआउट हो गई। अफगानिस्तान के ओपनर इब्राहिम जादरान ने 95 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 14 अक्टूबर को अबू धाबी मे ही खेला जाएगा। इब्राहिम जादरान का अर्धशतक पहले बैटिंग करने उतरी अफगानिस्तान की टीम की शुरुआत थोड़ी धीमी रही, लेकिन ओपनर इब्राहिम जादरान ने टीम की कमान संभाली।

उन्होंने 140 गेंदों में 95 रन की शानदार पारी खेली। उनके अलावा मोहम्मद नबी और एएम गजनफर ने 22-22 रन का योगदान दिया। हालांकि बाकी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके और पूरी टीम 44.5 ओवरों में 190 रन पर ऑलआउट हो गई। मेहदी हसन मिराज को 3 विकेट बांग्लादेश की तरफ से मेहदी हसन मिराज टॉप विकेट टेकर रहे। उन्होंने 10 ओवर में 42 रन देकर तीन विकेट झटके। उनके अलावा रिशाद हुसैन और तंजीम हसन साकिब ने 2-2 विकेट झटके लिए। तनवीर इस्लाम को एक विकेट मिला। बांग्लादेश की बैटिंग फ्लॉप टारगेट का पीछा करते उतरी बांग्लादेश की टीम 28.3 ओवर में 109 रन पर सिमट गई। टीम के लिए तौहीद हृदॉय (24) और सैफ हसन (22) ने थोड़ी कोशिश की, लेकिन बाकी बल्लेबाज ज्यादा संभल नहीं सके।

टीम का कोई भी खिलाड़ी 25 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका। राशिद खान ने 5 विकेट झटके अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने बांग्लादेशी बल्लेबाजों को पूरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया। राशिद ने 8.3 ओवरों में केवल 17 रन खर्च कर 5 विकेट झटके। उनके साथ अजमतुल्लाह उमरजई ने 3 विकेट लिए। नांगेयालिया खारोटे को एक सफलता मिली।

● 2027 वर्ल्ड कप जीतना मेरा सपना है...

## वनडे टीम से बाहर होने पर रवींद्र जडेजा ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 19 अक्टूबर से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय क्रिकेट टीम को तीन ओडीआई और पांच टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेलने हैं. इस दौरे पर भारत की वनडे टीम बदली-बदली नजर आएगी. शुभमन गिल को रोहित शर्मा की जगह वनडे टीम का नया कप्तान बनाया गया है. चयनकर्ताओं ने बड़ा फैसला लेते हुए बाएं हाथ के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को भी वनडे स्क्वॉड से बाहर कर दिया, जो आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा थे. रोहित शर्मा और विराट कोहली को वनडे टीम में जगह दी गई है, लेकिन रवींद्र जडेजा जैसे अनुभवी ऑलराउंडर का नाम न होना चौंकाने वाला है. जडेजा फरवरी 2009 से भारत के लिए वनडे क्रिकेट खेलते आ रहे हैं और उन्हें मौजूदा दौर के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में गिना जाता है. वनडे टीम से बाहर होने पर रवींद्र जडेजा ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है. जडेजा ने साफ कहा कि 2027 वर्ल्ड कप में खेलना उनका लक्ष्य है और वे आगे भी कड़ी मेहनत करते रहेंगे. रवींद्र जडेजा ने कहा प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं जरूर खेलना चाहता हूं. हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वो वर्ल्ड कप जीते. 2023 में हम बहुत करीब थे, लेकिन खिताब जीतने से रह गए. टीम मैनेजमेंट ने मुझे पहले ही बता दिया था कि इस सीरीज़ के लिए मुझे नहीं चुना जा रहा है. कप्तान शुभमन गिल, कोच और चयनकर्ताओं ने मुझसे बात की और वजह समझाई. यह बात मुझे स्क्वॉड अनाउंसमेंट से पहले ही पता चल गई थी. रवींद्र जडेजा ने आगे कहा, जब भी मौका मिलेगा, मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा. अभी काफी सारे वनडे मैच बाकी हैं. उम्मीद है कि मुझे मौका मिलेगा और मैं अपने खेल से टीम के लिए योगदान दे सकूंगा, जैसे अब तक देता आया हूं. जडेजा वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. अहमदाबाद टेस्ट में जडेजा ने शतकीय पारी खेली थी और वो प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे.

## टाइगर वुड्स ने गतिशीलता में कमी के बाद डिस्क रिप्लेसमेंट सर्जरी करवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 15 बार के मेजर चैंपियन टाइगर वुड्स ने बताया है कि दर्द और गतिशीलता में कमी के बाद उन्होंने लम्बर डिस्क रिप्लेसमेंट सर्जरी करवाई है। यह सर्जरी न्यूयॉर्क के हॉस्पिटल फॉर स्पेशल सर्जरी के डॉ. शीराज कुरैशी और उनकी टीम द्वारा की गई और सफल रही।

वुड्स ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में कहा, पीठ में दर्द और गतिशीलता में कमी के बाद मैंने डॉक्टरों और सर्जनों से जांच करवाने के लिए सलाह ली। स्कैन से पता चला कि मेरी Ly/5 डिस्क में कोलैप्स हो गया है, डिस्क के टुकड़े हो गए हैं और स्पाइनल कैनाल क्षतिग्रस्त हो गई है। मैंने कल अपनी डिस्क रिप्लेसमेंट करवाने का फैसला किया और मुझे पहले से ही पता है कि मैंने अपने स्वास्थ्य और पीठ के लिए एक सही फैसला लिया है। वुड्स के लिए एक साल से भी कम समय में यह दूसरी



पीठ की सर्जरी है जिन्होंने सितंबर 2024 में अपनी पीठ के निचले हिस्से में तंत्रिका दबाव को कम करने के लिए अपनी लम्बर स्पाइन पर माइक्रोडिकंप्रेशन सर्जरी करवाई थी। वह प्रक्रिया भी कुरैशी ने ही की थी, लेकिन फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच स्थित उनके शल्य चिकित्सा केंद्र पर। मार्च में इस अमेरिकी दिग्गज खिलाड़ी के बाएं अकिलीज टेंडन में चोट लग गई थी और उसकी मरम्मत के लिए सफल सर्जरी हुई थी। वेस्ट पाम बीच फ्लोरिडा स्थित हॉस्पिटल फॉर स्पेशल सर्जरी के डॉ. चार्लटन स्टकेन ने टूटे हुए टेंडन की न्यूनतम इनवेसिव अकिलीज टेंडन मरम्मत की। दिसंबर में 50 वर्ष के होने वाले वुड्स ने 2023 में रॉयल ट्रून में आयोजित द ओपन चैंपियनशिप के बाद से PGA टूर में शुरुआत नहीं की है। उन्होंने अपने बेटे चार्ली के साथ PGA टूर चैंपियंस की 2024 पीएनसी चैंपियनशिप (एक कार्ट में) खेली थी।

2025 की शुरुआत में उन्होंने द जेनेसिस इनविटेशनल में खेलने की योजना बनाई थी जिसकी मेजबानी वह फरवरी में करते हैं, लेकिन एक हफ्ते पहले अपनी मां के निधन के कारण उन्होंने इसमें भाग नहीं लेने का फैसला किया। हाल ही में घोषित वर्ल्ड चैलेंज के लिए उनका नाम सूची में नहीं था। यह टूर्नामेंट वह 4 से 7 दिसंबर तक बहामास के अल्बानी में आयोजित करते हैं।

## दिल्ली हाफ मैराथन का यह 20वां सत्र, मटाटा और रेंगरुक बने चैंपियन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कीनिया के लंबी दूरी के धावक एलेक्स मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने रविवार को वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीतीं। पिछले साल यहां दूसरे स्थान पर रहे मटाटा ने रविवार को 59 मिनट 50 सेकंड का समय निकालकर बोयेलिन टेशागर (एक घंटा 22 सेकंड) और जेम्स किपकोगी (एक घंटा 25 सेकंड) को पछाड़ा।




रेंगरुक ने एक घंटे सात मिनट 20 सेकंड का समय निकालकर महिला वर्ग का खिताब जीता। इथियोपिया की जोड़ी मेलाल सियूम बिरातु (एक घंटा सात मिनट 21 सेकंड) और मुलत टेकले (एक घंटा सात मिनट 29 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। अभिषेक पाल और सीमा भारतीय पुरुष और महिला वर्ग में सबसे तेज धावक रहे। उन्होंने क्रमशः एक घंटे चार मिनट 17 सेकंड और एक घंटे 11 मिनट 23 सेकंड का समय लिया।

दिल्ली हाफ मैराथन का यह 20वां सत्र है, जिसे यहां के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाई गई थी। इसकी कुल पुरस्कार राशि 260,000 डॉलर है।

विश्व शतरंज कपः

## गोवा में होगा 17 करोड़ रुपए की इनामी राशि का अंतरराष्ट्रीय महायुद्ध

**गोवा, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज फेडरेशन ने वर्ल्ड शतरंज कप 2025 के पहले राउंड के मुकाबलों की सूची जारी कर दी हैं। 17 करोड़ रुपए की इनामी राशि की यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता इतिहास में पहली बार 30 अक्टूबर से 27 नवंबर 2025 तक भारत के गोवा में आयोजित की जाएगी।

पेरिस इंटरनेशनल ओलम्पिक से शतरंज एशिया महाद्वीप के महासचिव ब्रह्मचारी कुलदीप शतरंज ने बताया कि संसार के 70 से अधिक देशों से कुल 206 खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे, 50 शीर्ष वरीय खिलाड़ी सीधे दूसरे राउंड से शुरुआत करेंगे। बाकी 156 खिलाड़ी पहले राउंड में अपने स्थान के लिए संघर्ष करेंगे। भारत के अधिकतर शीर्ष खिला?ी दूसरे राउंड से मुकाबला खेलेंगे। भारतीय ओलम्पिक संघ आईओए से मान्यता प्राप्त महाभारत के भीष्म पितामह शक्तिमान मुकेश खन्ना के नेतृत्व वाली भारत सरकार से एकमात्र आयकर छूट प्राप्त हरियाणा शतरंज एसोसिएशन एचसीए के प्रदेश महासचिव ब्रहमचारी कुलदीप शतरंज ने बताया कि यह इंटरनेशनल टूर्नामेंट न केवल 20 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 17 करोड़ रुपये) की इनामी राशि के लिए खेला जाएगा, बल्कि इसके शीर्ष तीन विजेताओं को 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधी जगह भी मिलेगी। मेजबान देश के तौर पर भारत को दो अतिरिक्त स्थान मिले हैं, जिन्हें प्रणव वेंकटेश और रौनक साधवानी को दिया गया है। दोनों की मौजूदा रेटिंग 2641 है। प्रणव 2025 विश्व जूनियर चैंपियन है जबकि रौनक भारत के सबसे युवा ग्रांडमास्टर्स में से




एक है, जिन्होंने 2024 लंदन चेस मास्टर्स जीता था। इन दोनों खिलाड़ियों के जुड़ने से भारतीय चुनौती और भी मजबूत हो गई है। विश्व चैम्पियन डी. गुकेश, आर. प्रज्ञानानंधा, अरुण एरिगैसी, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन और कई अन्य भारतीय शीर्ष खिलाड़ी पहले ही सूची में हैं।

महिला विश्व कप विजेता ग्रांडमास्टर दिव्या देशमुख को भी फीडे ने एक विशेष वाइल्डकार्ड के रूप में शामिल किया है। भारत में ऐतिहासिक आयोजनः पेरिस इंटरनेशनल ओलम्पिक से शतरंज एशिया महाद्वीप के महासचिव ब्रह्मचारी कुलदीप शतरंज ने बताया कि ऐसा इतिहास में पहली बार होगा जब विश्व कप प्रतियोगिता भारत की धरती पर खेली जाएगी। भारत के अधिकतर शीर्ष खिलाड़ी दूसरे राउंड से मुकाबला खेलेंगे जबकि पहले राउंड में राजा ऋत्विक कजाकिस्तान के नोगेरबेक कायबेक से, हर्षवर्धन जीबी तुर्की के यिलमाज मुस्तफा से, एसएल नारायनन पेरु के रोजस सालस स्टीवन से, प्रणव वी अल्जीरिया के आला एडिने से, इनियन पी क्यूबा के डाइलन ईसीडरों से, ललित बाबू नीदरलैंड के मैक्स वरमरदम से, दीप्तयन घोष चीन के पेंग क्षिओंगीयन से, कार्तिक वेंकटरामन कोलंबिया के रोबेर्टो पांतोजा से, रौनक साधवानी साउथ अफ्रीका के बररिश डेनियल से, नीलाश सहा उरुग्वे के मेरर जॉर्ज से, सूर्या शेखर गांगुली अजरबैजान के अहमद अहमदजादा से खेलेंगे और दिव्या देशमुख ग्रीस के अर्डितीस स्तमटिस से मुकाबला खेलेंगी।

# सदर थाना में जिला स्तरीय कार्यक्रम, आपराधिक कानूनों पर आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

## नाबार्ड द्वारा सुरेवाला सीएचसी भवन निर्माण के 5.36 करोड़ रुपए के कार्य का लोकार्पण

## 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

द डेस्प्रिंग



**हनुमानगढ़ ( विनोद चौधरी) ।** नव विधान- न्याय की नई पहचान, नए आपराधिक कानून पर प्रदर्शनी उद्घाटन समारोह एवं छह दिवसीय प्रदर्शनी के शुभारंभ के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सोमवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम में जंक्शन स्थित सदर थाना में किया गया। इस दौरान नए आपराधिक कानून के संबंध में प्रकाशित बुकलेट भी जारी की गई। मुख्य कार्यक्रम को जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ थाना स्तर भी लाइव देखा गया। मुख्य कार्यक्रम से नाबार्ड द्वारा सुरेवाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के 5.36 करोड़ रुपए के कार्य का लोकार्पण भी किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने जिलेवासियों से जयपुर में शुरू हुई इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ नए कानून के प्रावधान की जानकारी सभी नागरिकों तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने नए कानून में ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर सहित अन्य प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस की ओर से नए कानून से संबंधित प्रावधान के बारे में सोशल मीडिया हैंडल के जरिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव सहित एसपी हरी शंकर, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रमोद डेलू, जनप्रतिनिधि अमित चौधरी, एडीएम उम्मेदीलाल मीना, एडिशनल एसपी जनेश तंवर, नगीना बाई, जनप्रतिनिधि सुमित रणवा, प्रदीप ऐरी, ओम सोनी, संजय शर्मा, सतपाल लिंबा, आशीष पारीक, डीएसपी मीनाक्षी, डीएसपी कमला पूनिया, डीएसपी रणवीर साई और जनप्रतिनिधिगण, थानाधिकारी, फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स, सीएलजी सदस्य, कानूनविद, प्रशासनिक अधिकारी और आमजन मौजूद रहें। सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आपराधिक कानूनों पर आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति राजस्थान उच्च न्यायालय श्री संजीव प्रकाश शर्मा ने उद्घाटन किया। प्रदर्शनी 13 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक रहेगी। उल्लेखनीय है कि देश में 1 जुलाई 2024 से लागू हुए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जेईसीसी, सीतापुरा में छह दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से 4 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउण्ड ब्रेकिंग तथा लगभग 9 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया। इसके साथ ही, प्रदेश के विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए 260 करोड़ एवं दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण भी किया। कार्यक्रम में 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत रजिस्ट्रेशन का शुभारम्भ तथा एफ.एस.एल. हेतु वाहनों और महिला सुरक्षा सम्बन्धी पेट्रोलिंग की स्कूटियों एवं मोटरसाइकिलों का फ्लैग ऑफ भी किया गया।

### राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में विशेष सत्र

'नव विधान-न्याय की नई पहचान' की थीम पर आधारित प्रदर्शनी में कानून की नई संरचना की डिजिटल एवं इंटरएक्टिव प्रस्तुति है। प्रदर्शनी में प्रतिदिन विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। जिसमें सोमवार को टेक्नोलॉजी पर आधारित सत्र में पुलिस कार्य में टेक्नोलॉजी के उपयोग पर चर्चा की गई। 14 अक्टूबर को फॉरेंसिक विज्ञान आधारित, 15 अक्टूबर को जेल संबंधी विषयों एवं 16 अक्टूबर को कानूनविज्ञों के साथ सत्र आयोजित होंगे। इसी प्रकार 17 अक्टूबर को महिलाओं, बच्चों के अपराध की रोकथाम, पुलिस व समाज के संबंध एवं नए कानून की जागरूकता के संबंध में स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ सत्र आयोजित किए जाएंगे। वहीं, 18 अक्टूबर को प्रदर्शनी का समापन समारोह आयोजित होगा।

# किसानों ने दिया घंटियाली तहसील मुख्यालय पर धरना

द डेस्प्रिंग



**श्री राम भादू /फलोदी ।** घंटियाली तहसील मुख्यालय पर किसानों कि अनुदान राशि और फसल खराबे के मुहावजे को लेकर किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष और जोधपुर जिला देहात कांग्रेस कमेटी के महासचिव किशन राव लूणा ने बताया कि घंटियाली पंचायत समिति के समस्त ग्राम पंचायतों के किसानों ने 13 अक्टूबर सोमवार को घंटियाली तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर प्रशासन और सरकार को चेतावनी दी कि किसानों कि अनुदान राशि और फसल खराबे मुहावजा समय पर नहीं तो हम फलोदी जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन और रैली करेंगे अध्यक्ष राव ने बताया कि सरकार और प्रशासन समय पर किसानों कि अनुदान राशि और फसल खराबे के मुहावजे को समय पर नहीं दिया तो उग्र आंदोलन फलोदी जिला मुख्यालय पर करेंगे जिसमें फलोदी जिले के समस्त किसान इक्ट्ठा होंगे। इस मौके भारतीय किसान यूनियन फलोदी जिला अध्यक्ष और जोधपुर जिला देहात कांग्रेस कमेटी के महासचिव किशन राव लूणा, भामाशाह व कांग्रेस से कुम्भ सिंह पातावत , कांग्रेस बाप के ब्लॉक अध्यक्ष केशुराम मेघवाल, पुर्व जिला प्रमुख सहीराम नैण,सुर्जन मेघवाल, कांग्रेस नेता हरभज नोखड़ा, कांग्रेस नेता भैराराम मकवाना,पुर्व सरपंच किशनाराम नैण, सरपंच मोला बक्स, मण्डल अध्यक्ष भुपेंद्र विश्नोई, किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष सांवताराम मांकड़ आदि मोके पर उपस्थित रहे।

# नवीन आपराधिक संहिताओं के एक वर्ष पूर्ण होने पर गृह मंत्री के प्रदर्शनी उद्घाटन का थाना पर देखा लाइव प्रसारण

द डेस्प्रिंग



**रुदावल, भरतपुर / रामकुमार उपाध्याय।** रुदावल थाना परिसर में गृहमंत्री अमित शाह के लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने जयपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपराध कानून की एक प्रदर्शनी का अवलोकन कर उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार लाने वाली तीन नवीन आपराधिक संहिताओं के क्रियान्वयन का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। गृहमंत्री शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के लाइव प्रसारण में बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य आमजन और हितधारकों को नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की उपयोगिता और प्रभाव से अवगत कराना है। प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षणों में वीडियो प्रेजेंटेशन, लाइव डेमो और छोटे वीडियो के माध्यम से कानूनों के सकारात्मक प्रभावों को प्रस्तुत किया गया। इसमें यह भी बताया गया कि कैसे नई संहिताओं से त्वरित और पारदर्शी न्याय सुनिश्चित होगा। गंभीर अपराधियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई संभव हुई है। इस मौके पर थाना प्रभारी रामरूप मीना, सहायक उप निरीक्षक मुन्शी लाल, सुरेश कुंतल, वीरेन्द्र कुमार, हैड कांस्टेबल हरवीर सिंह, सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी, अधिवक्ताओं सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# पत्रकार कपिल विजय को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर जान से मारने की धमकी

## पीड़ित पत्रकार ने पुलिस प्रशासन से लगाई सुरक्षा की गुहार,पत्रकारों में रोष व्याप्त

द डेस्प्रिंग




**भीलवाड़ा / फ़रीद खान ।** भीलवाड़ा।जिले के बिजौलिया कस्बे के पत्रकार कपिल विजयवर्गीय को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर धमकियां देने और जान से मारने की चेतावनी देने का मामला सामने आया है। इस घटना से क्षेत्र के पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है। पत्रकार कपिल विजयवर्गीय ने पुलिस थानाधिकारी उगमाराम सैनी को लिखित शिकायत देकर सुरक्षा की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि 12 अक्टूबर की रात लगभग 11 बजे उन्हें मोबाइल नंबर 9828886467 से दो बार कॉल आई। कॉल करने वाले की पहचान अनुराग मेहर पुत्र उमाशंकर मेहर, निवासी बिजौलिया के रूप में हुई।आरोपी ने फोन पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए पत्रकारिता पर सवाल उठाए और कार्यक्रमों को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की। आरोपी ने कहा कि उनकी गतिविधियों और दुकानों पर नजर रखी जा रही है, घर-दुकान के विद्युत मीटर में छेड़छाड़ कर आग लगाने की धमकी दी गई। आरोपी ने कहा कि जिस दिन मैं बिजौलिया आऊँगा, उस दिन तेरा काम तमाम कर दूंगापत्रकार ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा और आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। थानाधिकारी उगमाराम सैनी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की तलाश की जा रही है। इस दौरान उपखंड क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र जैन, श्याम विजय, जगदीश सोनी, घनश्याम पाराशर,गिरधर पाराशर, ललित चावला, सुरेश राठौर, बलवंत जैन, दीपक राठौर, अर्जुन धाकड़, मानव तिवारी, नरेश धाकड़, आदर्श सोनी, रमेश गुर्जर व रवि अहीर मौजूद रहे।चालक डॉ नन्द किशोर चौधरी ,विभाग धर्म जागरण संयोजक पाली सुमेरसिंह वरकाणा एवं सह जिला कार्यवाह जिला बाली के श्री भरतकुमार पथ संचलन में उपस्थित रहे। जवाली के प्रशासक जुगराज जैन ,ठाकुर योगेंद्रसिंह सहित जवाली के ग्रामीण बड़ी संख्या में पथ संचलन के भागीदार बने।

# नाडोल मे श्री यादे माटी कला बोड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक राज्य मंत्री राम ढाणी नाडोल पर रुके

द डेस्प्रिंग




**नाडोल / नगराज वैष्णव ।** श्रीयादे माटी कला बोर्ड, राजस्थान के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक ( राज्य मंत्री राजस्थान सरकार ) रविवार को पाली जिले के प्रवास पर रहे। इस अवसर पर वे अपने परिजनों सहित नाडोल पहुंचे, जहाँ वे होटल रामढाणी नाडोल पर रुकेहोटल संचालक श्री रमेश कुमार रामढाणी ने अध्यक्ष श्री टाक एवं उनके परिवार का पारंपरिक विधि से स्वागत करते हुए उन्हें श्रीराम का दुपट्टा पहनाकर बहुमान किया।प्रवास के दौरान श्री टाक ने नाडोल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। होटल संचालक रमेश रामढाणी ने उन्हें नाडोल के प्राचीन मंदिरों, स्थापत्य कला और पुरातत्व विभाग द्वारा की गई खुदाई से संबंधित रोचक जानकारी प्रदान की। इस पर श्री टाक ने कहा कि ÷नाडोल नगरी का इतिहास और संस्कृति अत्यंत गौरवशाली है। अगले प्रवास में मैं यहाँ के ऐतिहासिक मंदिरों के दर्शन तथा पुरातत्व विभाग की खुदाई स्थल को अवश्य देखने आऊँगा।÷ स्थानीय नागरिकों और होटल परिवार द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत से वे अभिभूत दिखाई दिए। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने उनके उज्जवल भविष्य और बोर्ड के सफल संचालन की शुभकामनाएँ दीं।

# रानी पुलीश थाने मे नव विधान - न्याय की नई पहचान कार्य क्रम का शुभारम्भ का लाईव प्रसारण

द डेस्प्रिंग



**नगराज वैष्णव ।** रानी मेन बाजार स्थित रानी पुलीस थाने मे नव विधान न्याय की नई पहचान कार्यक्रम का जयपुर से लाईव प्रसारण दिखाया ! इस का शुभारम्भ श्री अमित शाह केन्द्रीय गृहमंत्री , एवं सहकारिता मंत्री द्वारा किया गया ! इस अवसर पर लाईव प्रसारण जयपुर मे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा , न्याय मूर्ती संजीव प्रकाश शर्मा, बिजेपी राजस्थान अध्यक्ष मदन राठौड, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, गोविन्द मोहन , डि जी पी राजु शर्मा, सभी पुलीस थाने वि सी के माध्यम से जुडे ! रानी पुलीश थाने मे लाईव प्रसारण किया गया ! नये आपराधिक कानूनों पर प्रर्दशनी का लाईव प्रसारण दिखाया गया ! दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के पेटे 364 करोड राशि का हस्तान्तरण ,47000 विद्याथियो को युनिफार्म के पेटे 260 करोड राशि का हस्तान्तरण, 150 यूनिट प्रतिमाह निः शुल्क बिजली योजना पोर्टल का शुभारम्भ , एफ , एस, एल, के 56 वाहन एवं महिला सुरक्षा पेट्रोलिंग के लिए 100 स्कूटियों एवं मोटर साइकिलों की रवानगी की गई ! लाईव प्रसारण दिखाया गया ! इस अवसर पर रानी पुलिश थाने मे व्यापारी व सी एल जी मेम्बर , पुलीश मित्र , रानी थानेदार आनन्द सांखला , डालचंद चौहान , हरीश गेहलोत , जयंतिलाल वैष्णव, ललीत सोनी ,घिसूलाल चौधरी , सेतकी देवी , नर्मदा कॅवर , सीता बंजारा , सरोज शेखावत , शमीम अकतर, शोभा , निलेश नागौरी , प्रकाश चौधरी , इन्दरसिंह , मोहन सिंह , उमेश भण्डारी , किशन सिंह खिची, मुकेश गर्ग , कलाराम मेगवाल , जगथनाथ बंजारा हरी सिंह, कन्या देवी प्रजापत नाडोल , सेकडो गण मान्य नागरिक रहे उपस्थित रहे ! तथा लाईव प्रसारण देखा !

# राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में निकाला पथ संचलन

द डेस्प्रिंग



**रानी /जवाली / नगराज वैष्णव ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के खण्ड रानी के तत्वाधान में जवाली मंडल की ओर से शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार सांय श्री आईजी भवन परिसर में पथ संचलन की शुरुआत और एकत्रीकरण हुआ। शाम को स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में एकत्र हुए और पूज्य महंत श्री 1008 पूरण भारती महाराज ( श्री मुक्तेश्वर हनुमान जी मंदिर जवाली ) और पूज्य संत भैरु भारती महाराज धनेश्वर महादेव मंदिर बड़ौद के शुभ सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र को अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी नेनाराम ने सम्बोधित किया। उन्होंने संघ के बारे में विस्तार से प्रकाश डालकर संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान तक संघ की राष्ट्रसेवा की गतिविधियों से परिचित कराया। उसके बाद पथसंचलन जवाली के सभी मुख्य रास्तों से होता हुआ पुनः आईजी भवन पर पूर्ण हुआ। रास्तों के जगह -जगह पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने पुष्पवर्षा से स्वागत और अभिनन्दन किया। मार्ग में स्थान -स्थान पर रंगोलियां भी बनाई गयी। पथसंचलन में स्वयं सेवकों के साथ -साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी देशभक्ति के नारे लगाते हुए चलते रहे।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से माननीय खण्ड संघ चालक डॉ नन्द किशोर चौधरी ,विभाग धर्म जागरण संयोजक पाली सुमेरसिंह वरकाणा एवं सह जिला कार्यवाह जिला बाली के श्री भरतकुमार पथ संचलन में उपस्थित रहे।जवाली के प्रशासक जुगराज जैन ,ठाकुर योगेंद्रसिंह सहित जवाली के ग्रामीण बड़ी संख्या में पथ संचलन के भागीदार बने।

# ओउमाश्रय सेवा धाम में श्रद्धा और उत्सव का संगम

## अघोई अष्टमी पर श्रद्धांजलि, यज्ञ और प्रसादी से गूंजा धाम

विशेष संवाददाता, जयपुर

स्व. पंकज गुप्ता की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम अघोई अष्टमी के पावन अवसर पर ओउमाश्रय सेवा धाम में स्वर्गीय पंकज गुप्ता जी की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। धाम परिवार ने उन्हें श्रद्धावनत नमन करते हुए कहा – स्व. पंकज जी सदा सेवा, प्रेम और प्रेरणा के प्रतीक रहेंगे। इस अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमति शिखा गुप्ता, पुत्र मयूर गुप्ता और पुत्री सुरभि ने परिवार सहित शांति यज्ञ का आयोजन किया। यज्ञ के उपरांत भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। परिवार की ओर से ओउमाश्रय को रू3100 की भेंट अर्पित की गई। ओउमाश्रय परिवार की ओर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु भावपूर्ण श्रद्धांजलि और परिवार को धन्यवाद व मंगलकामनाएं प्रेषित की गई। चिरंजीव अमोल के जन्मदिन पर स्वस्ति यज्ञ एवं प्रसादी वितरण धाम में प्रो. डॉ. हरि चरण लाल गुप्ता एवं श्रीमति मालती (मंडरायल वालों) के पौत्र चिरंजीव अमोल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। मुख्य यजमान श्रीमति कीर्ति गुप्ता (माता) और सॉफ्टवेयर इंजीनियर विकास गुप्ता (स्काई टैरिस) रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वस्ति यज्ञ से हुई, जिसमें परिवारजन और अनेक श्रद्धालु प्रभुजन सम्मिलित हुए। राजेश प्रभुजी ने भावपूर्ण आशीर्वाद गीत प्रस्तुत किया इस कुल का ये दीपक प्यारा अमोल आयुष्मान हो, ओजस्वी-तेजस्वी-वर्चस्वी यशस्वी सर्वोत्तम इंसान हो।



स्व.श्री पंकज गुप्ता



यज्ञ के उपरांत गौसेवा, पेड़े, नमकीन व भोजन प्रसादी का वितरण हुआ। गुप्ता परिवार ने ओउमाश्रय को रू5600 (रू5100 + रू500 यज्ञ दक्षिणा) की भेंट अर्पित की। ओउमाश्रय परिवार ने गुप्ता परिवार के इस स्नेह, संस्कार और सहयोग भावना के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दीं। सेवा, श्रद्धा और संस्कार का जीवंत केंद्र – ओउमाश्रय सेवा धाम ओउमाश्रय सेवा धाम निरंतर समाज में सेवा, संस्कार और श्रद्धा के दीप प्रज्वलित कर रहा है। यहां हर आयोजन समाज में एकता, सहयोग और मानवीय प्रेम का संदेश देता है। यही कारण है कि ओउमाश्रय आज आध्यात्म, संस्कृति और मानवता का संगम स्थल बन चुका है।

### धन्यवाद व शुभकामनाएं

ओउमाश्रय सेवा धाम परिवार की ओर से – सभी श्रद्धालु प्रभुजनों, दानदाताओं व सहयोगियों का आभार, जिनके सहयोग से यह सेवा यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है।÷

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर खड़ी की जा रही इमारत

## मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद प्रशासन में हड़कंप

## मिलीभगत के आरोपों से गरमाया माहौल, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज (दीपक भारद्वाज)।** नगर के रम्पुरा क्षेत्र में राज्य सरकार की श्रेणी 6-2 की भूमि पर अवैध कब्जा कर बहुमंजिला इमारत खड़ी किए जाने का मामला अब गंभीर रूप ले चुका है। ग्राम हल्दुआ निवासी समाजसेवी हरमीत सिंह पुत्र सुवेग सिंह ने मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी सहित शासन-प्रशासन के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर बड़ा खुलासा किया है कि चेतन जिंदल व गौरव जिंदल पुत्रगण ईश्वर जिंदल निवासी सितारगंज द्वारा रम्पुरा मोहल्ला स्थित खसरा संख्या 173 व 174 (कुल लगभग 1200 वर्गफुट भूमि) पर अवैध रूप से तीन मंजिला भवन का निर्माण किया जा रहा है। आरोप है कि यह भूमि राज्य सरकार के स्वामित्व की है तथा खतौनी में ÷पार्क को जाने वाली सड़क÷ के रूप में दर्ज है, बावजूद इसके संबंधित विभागों की मिलीभगत से निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि उक्त स्थान पर ÷मिठास स्वीट्स÷ नाम से बोर्ड लगाकर व्यावसायिक गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं, जबकि भूमि पूरी तरह से सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित है। हरमीत सिंह ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत कई बार स्थानीय प्रशासन से मौखिक व लिखित रूप में की, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिससे भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

# ग्रामीण सेवा शिविर 2025: जनता के काम, जनता के द्वार की अवधारणा हो रही हैं साकार

द डेस्प्रिंग



**सीकर ।** राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी पहल ग्रामीण सेवा शिविर 2025 के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान, पात्र लोगों को योजनाओं का त्वरित लाभ और जनता को सीधे सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में उल्लेखनीय सफलता मिल रही है। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के कुशल नेतृत्व में सीकर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों ने प्रशासन की संवेदनशीलता और सेवा भावना को धरातल पर उतार कर दिखाया है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447